जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 27 प्रभात उदयपुर, शुक्रवार 29 नवम्बर, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# अडानी पर लगे आरोपों के बाद भारतीय बैंक नुकसान के आकलन में जुटे

## अडानी ग्रुप को सबसे ज्यादा, 338 अरब रु. का कर्ज एस.बी.आई. ने दिया है, और उसे ही सबसे ज्यादा डर है

- यह भी कहा जा रहा है कि एस.बी.आई. अडानी ग्रुप के उन प्रोजैक्ट्स को कर्ज देना जारी रखेगा जो अभी चल रहे हैं या पूरे होने वाले हैं।
- सूत्रों ने कहा, लेकिन, पर अब एस.बी.आई. सख्ती से इस बात पर ध्यान देगा कि अडानी ग्रुप कर्ज़ सम्बंधी सभी नियमों का पालन करे।
- सूत्रों ने बताया कि कोई भी बैंक इस बारे में बात करने को तैयार नही है, क्योंकि उन्हें मीडिया से वार्ता करने से रोका गया है। रिज़र्व बैंक भी मौन है।
- लेकिन आठ बैंको की तरफ से ''ऑफ द रिकॉर्ड'' कहा गया है कि नए लोन देते समय कड़ी जांच करेंगे।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। भारतीय बैंक जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एस.बी.आई.) और आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शामिल है, गौतम अडानी पर अमेरिका में रिश्वत के आरोप लगने के बाद अडानी से हुए नुकसान का आकलन कर रहे, हालांकि उन्होंने कहा कि इससे बैंक की ऋण देने की नीतियों में कोई बदलाव नहीं होगा।

इन बैंकर्स ने कहा कि उन्हें यह देखना है कि क्या अडानी ग्रुप को नया लोन देते समय जांच प्रक्रिया को और सख्त किया जाए।

बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, केनरा बैंक, आई.डी.बी.आई. बैंक और आर.बी.एल. बैंक, जिन्होंने अडानी ग्रुप को अपेक्षाकृत छोटे कर्ज़ दिए हैं, वे भी ऐसी ही कवायद कर रहे हैं।

एक नियामक स्रोत, जो इस घटनाक्रम के बारे में जानते हैं, ने बैंक के नजरिए के अनुसार कहा घबराने की जरुरत नहीं है क्योंकि किसी भी बैंक ने ग्रुप को बहुत ज्यादा कर्ज़ नहीं दिया है।

रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को इस बारे में ई मेल भेजा गया पर रिज़र्व बैंक ने जवाब नहीं दिया।

एक ब्रोकर कम्पनी आई.आई.एफ.एल. सिक्यूरिटीज़ के अनुसार, भारतीय बैंकों में एस.बी.आई. ने ही अडानी ग्रुप को सबसे ज्यादा 338 अरब रु. (4 अरब डॉलर) का कर्ज दिया है।

सूत्रों ने कहा कि एस.बी.आई. अडानी के उन प्रोजैक्ट्स को कर्ज देने से पीछे नहीं हटेगा, जो चल रहे हैं या पूरे होने वाले हैं। पर उसने आगे कहा कि पर अब लोन देने से पहले बैंक सतर्कता बरतेगा और सुनिश्चित करेगा कि नियमों व शर्तों का पालन किया जाए।

सभी बैंकर्स ने अपना नाम नहीं बताया क्योंकि उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं है। एस.बी.आई. और अडानी ग्रुप ने इससे सम्बंधित ई मेल का जवाब नहीं दिया।

# नाबालिग का अपहरण-दुष्कर्म करने वालों को सजा

जयपुर, 28 नवंबर। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने और अपराध में सहयोग करने वाले अभियुक्तों, विकास, भोमाराम और गजेन्द्र को बीस साल की सजा से दंडित किया है।

इसके साथ ही, अदालत ने तीनों अभियुक्तों पर कुल 6.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी के.सी. अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि यौन अपराध बच्चे के मन पर गहरा असर डालता है, जिससे वह मानसिक पीड़ा और अवसाद में चला जाता है। ऐसे में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

- अदालत ने तीन अभियुक्तों, विकास भोमाराम व गजेन्द्र को बीस साल की सजा सुनाई, 6.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के परिजनों ने 12 अप्रैल, 2021 को गोविंदगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि पन्द्रह वर्षीय पीड़िता बीती रात घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बांग्लादेश में वकील की कोर्ट के सामने दिन दहाड़े हत्या

## उक्त वकील कोर्ट में इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय दास का बचाव कर रहा था, जिन्हे हाल ही में गिरफ्तार किया गया है

- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, जो भारत में छिपी हुई हैं, ने हत्यारों को आतंकवादी करार दिया और यूनुस सरकार से कार्यवाही की मांग की।
- चिन्मयदास की गिरफ्तारी इसलिए हुई क्योंकि उसने सरकार से हिंदुओं को सुरक्षा देने की मांग की थी।
- बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था रेडीमेड कपड़ों के निर्यात पर आधारित है, पर हाल ही में इस निर्यात में भारी कमी आई है।
- यूनुस सरकार के सिर पर एक और मुसीबत मंडरा रही है। जब ट्रम्प राष्ट्रपति नहीं थे तब यूनुस ने उनका मजाक उड़ाया था। चूंकि ट्रम्प आसानी से भूलते नहीं हैं इसलिए पूरी संभावना है कि वे बांग्लादेश को सबक सिखाना चाहेंगे।

-अंजन रॉय -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। बांग्लादेश में गुरुवार को चट गांव में एक कोर्ट के सामने दिन दहाड़े एक वकील की जघन्य हत्या कर दी गई। यह वकील हिंदु समुदाय के एक प्रमुख नेता का कोर्ट में बचाव कर रहा था। उक्त नेता ने देश में हिन्दुओं पर हो रहे हमले का विरोध किया था।

बांग्लादेश देश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना, जो दिल्ली में गुप्त स्थान पर हैं, ने अपनी पार्टी अवामीलीग की सोशल मीडिया साइट पर एक पोस्ट लिखी और हत्यारों को आतंकवादी करार दिया उन्होंने यूनुस सरकार से हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार न केवल अल्पसंख्यकों को बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरहे असफल रही है।

इस्कॉन की बांग्लादेश शाखा के एक प्रमुख सदस्य चिन्मय कृष्ण दास को मोहम्मद यूनुस सरकार ने गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा का विरोध किया। शेख हसीना ने कहा है कि चिन्मय कृष्ण दास को गलत तरीके से गिरफ्तार किया है उन्हें तुरंत छोड़ा जाना चाहिए।

सरकार के खिलाप विरोध प्रदर्शन बढ़ने के कारण बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने जब से देश छोड़ा तब से वहां हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गई है। शेक हसीना ने जब ढाका छोड़कर नई दिल्ली में शरण ले ली है। पूरे बांग्लादेश में भारी अराजकता है, भीड़ हिंसा, लूट और आगजनी कर रही है और प्रधानमंत्री के आवास को भी लूटा गया, शेख मुजीब की मूर्ति गिरा दी गई।

उसके बाद से ही बांग्लादेश में भारी अव्यवस्था है। हिन्दुओं पर हमले की घटनाओं में भारी तेजी आई है। हथियारबंद लोग हिंदुओं पर हमले कर रहे हैं उनके घर को लूट रहे हैं। चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद ये घटनाएं और बढ़ी हैं।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# प्रियंका ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली

## पहली बार गांधी परिवार के तीनों प्रमुख सदस्य संसद सदस्य बने

- प्रियंका गांधी ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ग्रहण की, कांग्रेसियों ने जोड़ो-जोड़ो, भारत जोड़ो के नारे लगाए।
- इस दौरान प्रियंका की माँ सोनिया गांधी, जो राज्यसभा सदस्य हैं और उनके भाई राहुल गाँधी भी मौजूद थे। दर्शक दीर्घा में प्रियंका के पति व उनके दोनों बच्चे भी मौजूद थे।
- लोकसभा में प्रियंका के आने पर सोनिया गांधी और राहुल गाँधी ने खुशी जताई। राहुल ने एक्स पर लिखा, ''प्रियंका तुम पर गर्व है।''

-डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने आज लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। गांधी परिवार के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण था। प्रियंका द्वारा संसद सदस्य की शपथ लेने के साथ ही, प्रतिष्ठित गांधी परिवार के तीनों सदस्य- प्रियंका, राहुल तथा सोनिया गांधी अब संसद सदस्य हैं। ऐसा भारतीय राजनैतिक इतिहास में पहली बार हुआ है।

जहाँ राहुल गांधी रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वहीं सोनिया गांधी राज्य सभा सदस्य हैं।

प्रियंका ने संविधान की लाल एवं काले रंग की प्रति को हाथ में लिये हुये शपथ ली। केरल में बनी क्रीम रंग की ''कसावू'' साड़ी पहने, प्रियंका गांधी जब शपथ लेने के लिए उठीं, उस समय कांग्रेस सांसद करतल-ध्वनि के बीच ''जोड़ो, जोड़ो, भारत जोड़ो'' के नारे लगा रहे थे।

जब वे शपथ ले रही थीं, उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका की माँ तथा कांग्रेस संसदीय पार्टी (सी.पी.पी.) प्रमुख सोनिया गांधी, पति रॉबर्ट वाड्रा पुत्र रेहान तथा पुत्री मिराया दर्शक दीर्घा में बैठे हुए थे।

शपथ लेने के बाद, प्रियंका गांधी ने सभी औपचारिकताएं पूरी की तथा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सी.एस. को तलब कर एक लाख रुपए के हर्जाना आदेश पर रोक

जयपुर, 28 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना से जुड़े मामले में दायर याचिका में एकलपीठ की ओर से मुख्य सचिव को तलब करने और राज्य सरकार पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाने के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश मुख्य सचिव की ओर से दायर याचिका अपील पर सुनवाई करते हुए

- महाविद्यालय ने कहा, रोडवेज़ के खिलाफ याचिका थी, राज्य सरकार तो पक्षकार भी नहीं थी। फिर भी मुख्य सचिव को तलब किया और राज्य सरकार पर एक लाख का हर्जाना लगाया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# संसद में बज रहा परिवारवाद का डंका

## अकेला गांधी परिवार ही नहीं कई अन्य नेताओं के परिजन भी संसद में हैं

- कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी से अखिलेश के परिवार के चार सदस्य संसद में हैं। स्वयं अखिलेश, उनकी पत्नी और दो चचेरे भाई।
- प्रधानमंत्री मोदी जब से सत्ता में आए हैं उन्होंने परिवारवाद का विरोध किया है, पर उनकी पार्टी भाजपा में भी परिवारवादी राजनीति का भारी प्रभाव है।

- श्रीनन्द झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा वायनाड लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ ही, जाहिर है, परिवारवादी राजनेताओं की सूची में वृद्धि हो गई है। गांधी परिवार के तीनों सदस्य सोनिया, राहुल तथा प्रियंका अब एक साथ संसद में हैं। यह अलग बात है कि सोनिया गांधी राज्यसभा सदस्य हैं।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष के परिवार के चार सदस्य अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिम्पल तथा अखिलेश के चचेरे भाई अक्षय और धर्मेन्द्र यादव संसद में हैं। शरद पवार और उनकी पुत्री सुप्रिया सुले दोनों संसद में हैं, हालाँकि ये दोनों अलग-अलग सदनों के सदस्य हैं। पप्पू यादव और उनकी पत्नी रंजीत रंजन लोकसभा सदस्य हैं। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री करूणानिधि की पुत्री कनिमोई तथा चचेरे पौत्र दयानिधि मारन भी लोकसभा में एक साथ हैं। इनके अलावा, पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम राज्यसभा सदस्य हैं, जबकि उनके पुत्र कार्ति लोक सभा में हैं।

भाजपा या एन.डी.ए. भी ''परिवारवादी राजनीति'' से अप्रभावित नहीं हैं। राजनैतिक परिवारों के करीब 20 सदस्य एन.डी.ए. की तीसरी सरकार में मंत्री बनाये गये हैं। इनमें शामिल हैं- एच.डी. कुमारास्वामी, जो पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौडा के पुत्र हैं; ज्योतिरादित्य सिन्धिया, जो माधवराव सिन्धिया के पुत्र हैं; पीयूष गोयल, जो पूर्व कैबिनेट मंत्री वेद प्रकाश गोयल के पुत्र हैं, किरेन रिजिजू, जो अरुणाचल के प्रथम प्रो-टैम स्पीकर रिचिन खारू के पुत्र हैं, रवनीत सिंह बिट्टू, जो पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअन्त सिंह के पौत्र हैं, जितिन प्रसाद, जो जितेन्द्र प्रसाद के पुत्र हैं, राव इन्द्रजीत सिंह, जो हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेन्दर सिंह के पुत्र हैं, जे.पी. नड्डा, जो पूर्व सांसद तथा मध्य प्रदेश की मंत्री जयश्री बनर्जी के दामाद हैं।

वस्तुतः परिवारवादी राजनेताओं की सूची अनन्त है। अन्य केन्द्रीय मंत्रियों, जो राजनैतिक परिवारों से हैं, में शामिल है रक्षा खड़से महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से की पुत्रवधू हैं, जयन्त चौधरी, चौधरी चरणसिंह के पौत्र हैं, रामनाथ ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के पुत्र हैं, के. राममोहन नायडू पूर्व केन्द्रीय मंत्री येरन नायडू के पुत्र हैं, अनुप्रिया पटेल अपना दल संस्थापक सोनेलाल पटेल की पुत्री हैं, कीर्तिवर्धन सिंह उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महाराज आनन्द सिंह के पुत्र हैं, चिराग पासवान पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के पुत्र हैं।

पिछले 10 वर्षों में खासतौर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''परिवारवाद''

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)



## विचार बिन्दु

काम से शोक उत्पन्न होता है। –धम्मपद

# क्या जातिगत आरक्षण वोट पाने की कुनीति है?

राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की एक कविता में भारतीय संस्कृति की महानता का जो परिचय कराया गया वह अभूतपूर्व है। हमारे संविधान में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय के हेतु जो प्रावधान प्रियम्बल चेप्टर तीन व चेप्टर चार में किये हैं, वे देश की उच्च परम्परा और संस्कृति के अनुरूप हैं। संविधान के अनुच्छेद 14 में समता व समानता तथा अनुच्छेद 15 में धर्म, जाति, लिंग आदि के आधार पर विभेद का अतिषेध किया है, वह संविधान की विशिष्टा को इंगित करता है और हमारी सदियों की उच्च संस्कृति को प्रतिलक्षित करता है। समता, समानता, समरसता और बन्धुत्व की भावना व्यक्ति की गरिमा को निखारती हैं। कविता का एक पेरा इस प्रकार है:–

**भारत माता का मंदिर पर, समता का संवाद यहाँ**
**सबका, शिव कल्याण यहाँ है, पावें सभी प्रसाद यहाँ।**
**जाति, धर्म या सम्प्रदाय का नहीं है भेदभाव यहाँ,**
**सबका स्वागत, सबका आदर, सबका सम सम्मान यहाँ।**

सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देने हेतु भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के तहत सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछडों के लिये आरक्षण के प्रावधान हैं संविधान के अनुच्छेद 16 में संविधान 103वें संशोधन अधिनियम, 2019 से आर्थिक रूप से दुर्बल वर्गों के लिये 10 प्रतिशत तक आरक्षण की बात की। इससे पूर्व जैसा ऊपर लिखा है आरक्षण का प्रारम्भ सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछडों को लाभ पहुंचाने के परम धर्म के हेतु किया था।

केन्द्र व राज्य सरकार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडी जातियों के लिये सीटें आरक्षित करती हैं यह आरक्षण जाति के आधार पर है, जो जन्म से तय होती है।

देश में आरक्षण की स्थिति इस प्रकार है:–

| | |
|---|---|
| अनुसूचित जाति (SC) | 15% आरक्षण |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 7.5% आरक्षण |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 27% आरक्षण |
| कुल आरक्षण 49.5% आरक्षण (सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय सीमा 50%) | |
| संविधान 103वें संशोधन के बाद सामान्य वर्ग को (सामान्य वर्ग के सभी धर्मों के लोगों को आर्थिक स्थिति के अनुसार) | 10% आरक्षण |

कुछ समय पूर्व बिहार ने जाति जनगणना के आंकडे. तैयार कर प्रकाशित किये थे। इसके अनुसार राज्य ने सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की सीलिंग को बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया। यह सीमा इंदिरा साहनी के केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन था। बिहार के बाद अन्य राज्य भी अब जनगणना की बात कर रहे हैं और कई राजनैतिक दलों ने जातिगत जनगणना और आरक्षण को लेकर चुनावों में माहौल गर्म किया। जातिगत आरक्षण को राजनीतिक हथियार के रूप में काम में लेने का यह तरीका काम में लिया गया। कई राज्यों में 50 प्रतिशत सीमा, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने तय किया था, उसे तोड़ दिया है और कुछ सीमा को बढ़ाना चाहते हैं।

आर्थिक आधार पर 10 प्रतिशत आरक्षण का उद्देश्य संशोधन विधेयक 2023 द्वारा आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कराने का है। 10 प्रतिशत EWS के के रूप में अन्य अधिनियम से कवर हैं।

बिहार के आरक्षण विधेयक के बाद, महाराष्ट्र में मराठाओं के लिये अलग से आरक्षण की मांग उठी है। शिक्षा व सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव दिया गया था। बम्बई हाईकोर्ट ने उसे संवैधानिक माना। मई 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि यह आरक्षण सुप्रीम कोर्ट की पूर्व में तय की गई सीमा का उल्लंघन है। विवाद चल रहे हैं। जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड रही है। एक ओर राहुल गांधी जातिगत जनगणना की मांग उठा रहे हैं तो पी एम मोदी का संकल्प है कि यह मांग कभी भी स्वीकार नहीं होगी। अधिकांश राजनेताओं का कथन है कि जातिगत सर्वेक्षण समाज को विखण्डित करने की साजिश है। कांग्रेस इसे वोट प्राप्त करने के लिये हथियार के रूप में उपयोग करना चाहती है। समता आन्दोलन समिति ने अपनी एक कार्यशाला में यह माना है कि आरक्षण गरीबों के लिये एक अभिशाप है। आरक्षण की मलाई सिर्फ–सिर्फ अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के धनी लोग ही चाट रहे हैं। आरक्षित व पिछड़े वर्गों के वास्तविक गरीबों तक यह आरक्षण कभी पहुँचा ही नहीं है।

यह सही है कि दलितों का उत्पीडन हुआ था और वे सामाजिक न्याय के अधिकारी हैं और आरक्षण उनके पिछडेपन को समाप्त करने के हेतु एक साहसिक कदम है। वे भी समता समानता के अधिकारी हैं।

**बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान निर्माण के बाद कहा था यह हमारा भ्रम है कि देश एक राष्ट्र है, किन्तु यह सही नहीं है, क्योंकि हमारा देश हजारों जातियों में बंटा हुआ है। अतः हमें स्वीकार करना होगा कि जातिगत जनगणना का कोई औचित्य नहीं है। जातिगत आरक्षण और जनगणना केवल वोट लेने की कुनीति है।**

जातिगत आरक्षण अथवा जातिगत सर्वेक्षण एक प्रकार से समाज को बांटने की प्रक्रिया है। बिहार में सर्वेक्षण हुआ था और जनगणना की गई थी। नीतिश कुमार ने बिहार में आरक्षण में बढ़ोत्तरी जाति सर्वेक्षण के बाद की घटना कहा है। इंदिरा साहनी के केस में 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा तय की गई थी और इंदिरा साहनी के केस के बाद अनेक केसों में रेफर किया गया है, सभी निर्णयों में इस 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को सही माना है। अतः इस बात सीमा बढ़ाने की मांग उठाना उचित नहीं है।

संविधान में अनुच्छेद 334 में यह व्यवस्था की थी कि विधानसभा व लोकसभा के चुनाव में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये स्थानों के आरक्षण की व्यवस्था दी है, किन्तु यह स्पष्ट कर दिया था कि यह आरक्षण 10 वर्ष बाद स्वतः समाप्त हो जायेगा। यह दुर्भाग्य का विषय है कि इस अवधि को प्रत्येक 10 वर्ष के लिये अनाधिकृत रूप में बढ़ा दिया जाता है। इस प्रावधान की वैधानिकता की सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई है किन्तु 20 वर्षों से भी अधिक समय हो चुका है, इनकी सुनवाई नहीं हो पाई है।

वस्तुतः जनगणना पारदर्शी तरीके से कराना सम्भव नहीं है, क्योंकि जनगणना के अन्तर्गत सभी जातियों की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति आंकी जानी अपेक्षित है। निजी व सरकारी दोनों प्रकार के क्षेत्रों का आंकलन होना चाहिये। यह कठिन कार्य है। आरक्षण का लाभ शिक्षा व रोजगार के हेतु होता है, किन्तु जो लोग प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर नहीं पढ़ पाये हैं, उन्हें तो लाभ नहीं मिलेगा।

यह भी स्पष्ट है कि जो पिछड़े क्रिमीलेयर में आ चुके हैं उन्हें आगे आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिये। इन्द्रा साहनी के केस के अनुसार क्रिमीलेयर में आने के बाद आरक्षण चालू रखना सही नहीं है। क्या आप मंत्री, डाक्टर, विधायकों, बड़े व्यापारियों के परिवार आदि को, जिन्होंने आरक्षण का लाभ प्राप्त किया है, उन्हें पिछड़ा मानेगें? एम नागराज के केस में सुप्रीम कोर्ट ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया है कि आरक्षण व्यक्ति को उसी स्थिति में मिलेगा जब वह साबित करेगा कि उसका पिछडापन अभी समाप्त नहीं हुआ है। वह अभी भी पिछड़ा ही है।

जातिगत आरक्षण की मांग जातियों में विभाजन पैदा करेगा जिसे आरक्षण नहीं मिलेगा वह विवाद खड़ा करेगा। जिसे राजनैतिक पार्टी आरक्षण दिलायेगी वह वोटों की मांग करेगी ताकि वे चुनाव जीत कर अपने नेता को विधानसभा/लोकसभा में भेज सकें। इस प्रकार वोटों के लालच में यह जनगणना की तथा जातिगत आरक्षण की बात उठाई जा रही है। इससे राजनीति में कटुता बढ़ेगी और देश कभी भी विकास की गति प्राप्त नहीं कर सकेगा। आजादी के 75 वर्षों बाद भी विकास का हाल तो यह है कि आरक्षण प्राप्त कराने के उद्देश्य से यह लडाई लडी जा रही है कि लोग यह कहने में गर्व करते हैं "मैं तुझसे अधिक पिछड़ा हूँ"।

आजादी की लड़ाई के बाद हमने अपना संविधान बनाया। पिछडों के लिये शिक्षा, नौकरी और विधानसभा/लोकसभा में सीटों का आरक्षण किया। इस आरक्षण से संतुष्ट नहीं होने पर ओबीसी का आरक्षण हुआ। आरक्षण का जाल सब जगह फैला हुआ है। आर्थिक आरक्षण 10 प्रतिशत है यह अनुच्छेद 16(6) के अनुसार है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे अन्य आरक्षण से भिन्न माना है।

रिजर्वेशन का उद्देश्य है, सब में समानता (Equality) लाना है। क्या लोगों का पिछड़ापन अभी तक समाप्त नहीं हुआ है? यदि नहीं तो हमने इन 75 वर्षों में शायद कुछ भी विकास नहीं किया। बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी जातिगत आरक्षण की मांग उठ रही है। झारखण्ड, हरियाणा और कर्नाटक में आरक्षण करने का प्रयत्न हो रहा है किन्तु बिहार व हरियाणा के आरक्षण को न्यायालय ने सुनने से इन्कार कर दिया। किन्तु आश्चर्य है कई राजनीतिक दल इस बाबत मांग कर रहे हैं।

लेखक संजीव कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार के विचारों से सहमत हूँ, उन्होंने एक लेख में लिखा है वह इस प्रकार है:–

"आरक्षण वैशाखी नहीं है, जिसके सहारे जिन्दगी काटली जावे समय की मांग है कि जातिगत आरक्षण के विषय में आगे की राय तय करने के लिये सभी हित धारकों द्वारा अपने पूर्वाग्रहों को पीछे छोड़, भविष्यन्मुखी नीति का निर्माण किया जावे जिससे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का सपना पूरा हो सके"।

आरक्षण का अर्थ है ऐसे उपाय किये जावें जिससे दलितों का पिछड़ापन समाप्त हो और वे साधारण लोगों जैसा समान स्तर समाज में प्राप्त कर सकें। बिहार में जैसा ऊपर कहा है कि जाति जनगणना में एसटी, एससी, ओबीसी की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है और वे 65 प्रतिशत आरक्षण के अधिकारी अपने को मान रहे हैं। इसका अर्थ है आजादी के 75 वर्षों के बाद इन लोगों का पिछड़ापन समाप्त नहीं हुआ। इन्द्रा साहनी के केस में एसटी, एससी, ओबीसी का आरक्षण 49.5 प्रतिशत माना था और जनरल केटेगरी के लोगों की आबादी जिसमें धार्मिक अल्पसंख्यक थे उन्हें 50 प्रतिशत से अधिक माना था। अब यदि पिछडों की संख्या बढ़ी है तो बिहार की तरह देश में अन्य स्थानों पर भी आरक्षण 65 प्रतिशत या इससे अधिक हो जावेगा। इसका अर्थ है जातिगण जनगणना में इस तथ्य पर विचार नहीं हुआ कि कितने परसेन्ट पिछड़े, शिक्षा और नौकरी के कारण अब पिछड़े नहीं रहे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई निर्णयों में इसे स्पष्ट कर दिया है कि 50 प्रतिशत की सीमा को लांघा नहीं जावेगा। अतः जातिगत जनगणना अथवा आरक्षण को 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाना देश के कानून के विरूद्ध है।

बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान निर्माण के बाद कहा था यह हमारा भ्रम है कि देश एक राष्ट्र है, किन्तु यह सही नहीं है, क्योंकि हमारा देश हजारों जातियों में बंटा हुआ है। अतः हमें स्वीकार करना होगा कि जातिगत जनगणना का कोई औचित्य नहीं है। जातिगत आरक्षण और जनगणना केवल वोट लेने की कुनीति है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# धूमकेतु राजनेता का विश्लेषण



**डॉ. रामावतार शर्मा**

धूमकेतु अंतरिक्ष में सूर्य के चारों तरफ घूमता एक शिलाखंड है। माना जाता है कि हर धूमकेतु अत्यंत प्राचीन काल में किसी विशाल धूमकेतु के अनगिनत टुकड़ों में से एक होता है। बर्फ जैसा ठंडा यह धूमकेतु जब सूर्य के पास आता है तो उसकी ऊर्जा से प्रज्ज्वलित हो उठता है। इसी ऊर्जा के दम पर यह अदना इकलौता आकाश में चमक कर इठलाने लगता है।

इसमें से निकलने वाली गैस एक पूंछ का रूप ले लेती हैं इसलिए इसे पुच्छल तारा भी कहा जाता है। जब यह पहली बार दिखता है तो बहुत चमकता है पर चंद दिनों बाद वर्षों के लिए गायब हो जाता है और लोग इसके आगमन और पलायन दोनों को भूल जाते हैं। जरा ध्यान से देखें तो राजनीति के आकाश में भी धूमकेतु नेता आते जाते रहे हैं। वर्तमान में मौजूद हैं और भविष्य में भी आते रहेंगे।

ये नेता किसी स्थिति विशेष, जाति या धर्म विशेष या फिर सामाजिक जटिलताओं का सहारा ले कर यकायक राजनीति के आकाश में उभरते हैं, कुछ लोगों खासकर युवा वर्ग में तीव्र ऊर्जा का संचार करते हैं और फिर इसी आकाश में कहीं गुम हो जाते हैं।

ऐसे नेता राष्ट्रीय स्तर पर भी उभरते हैं परंतु अधिकतर मामलों में राज्य स्तरीय ही होते हैं। राजस्थान में ऐसे एक नेता 1980 के आसपास उभरे थे जिनके बारे में कहा गया था कि बड़े 'फायरब्रांड' नेता हैं और एक दिन राज्य के सर्वेसर्वा पद पर विराजमान होंगे। उस दौर में उनके पीछे युवा समर्थकों का झुंड कतारबद्ध होता था जैसे धूमकेतु के पीछे उसकी पूंछ होती है। स्वभाव में आक्रामकता तो थी पर उनका न तो कोई राजनीतिक दर्शन था, न कोई दीर्घ कालिक सोच और ना की किसी तरह की योजना और उसके कार्यान्वयन के लिए बौद्धिक टीम जिसे थिंक टैंक कहा जाता है।

समय के साथ वृहद भारत से सिमट कर हिन्दू नेता बने, आगे चलकर सिर्फ एक जाति के हुड़दंगी नेता और फिर मात्र एक दो विधानसभा क्षेत्रों तक सिकुड़कर रहने वाले भिक्षु नेता बन गए जिनको भिक्षा भी पूर्णता से न मिल सकी और राजनीति एवं उम्र के आखिरी पड़ाव पर पराजय ही उनकी झोली में आई। दूसरे स्वघोषित शेर को अपने ही घर में, अपने ही पूर्व अनुयायी के हाथों शिकस्त मिली। एक अन्य जो उपरोक्त दोनों से प्रेरित हुआ, कानून हाथ में लिया और पराजय के साथ कस्टडी की सलाखों से अपमानित हुआ।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल तेजी से उभरा। देश के साथ विदेशों में भी लोगों की रुचि का विषय बना पर अब गुमनामी की सीढ़ियों की तरफ अग्रसर है। तकरीबन यही हाल मायावती का है और ऐसा कुछ ही दलित नेता चंद्रशेखर का होने वाला है। कॉलेज प्रिंसिपल की मेज को ठोकते और उन पर चिल्लाने वाले युवा नेता समय के साथ जातिगत राजनीति की परिधि में सिकुड़ते देखे गए है।

इन सब उदाहरणों को देख कर मन में एक सहज जिज्ञासा उठती है कि इतने ऊर्जावान होकर भी ये नेतागण क्यों धूमकेतु की तरह गुम हो जाते हैं या प्रभावहीन हो कर किसी क्षेत्र विशेष तक सिकुड़ जाते हैं। मानव स्वभाव और मनोविज्ञान पर आधारित विश्लेषण कुछ रोचक बाते सामने लाता है। इन आक्रामक नेताओं का पदार्पण ज्यादातर भय तथा हुहदंगबाजी के साथ होता है जिसमें ये युवकों का समूह बना कर समाज और प्रशासन को प्रभावित करते हैं। प्रभाव तो ये डालते हैं पर किसी भी प्रकार की गंभीर जिम्मेदारी से बचने में प्रयासरत नजर आते हैं और हर व्यक्ति को प्रसन्न रखने तथा उसका जीवन बदलने का वादा करते हैं परंतु यह सब कुछ कैसे होगा, इस सवाल पर आक्रामक हो जाते हैं।

चूंकि ये लोग व्यक्तिवादी होते हैं तो गांव, कस्बे या शहर स्तर पर अपने संगठन में अन्य किसी को उभरने नहीं देते। माना कि बड़ी पार्टियों में भी एक शीर्ष नेता होता है पर स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की भी बात सुनी जाती है परंतु धूमकेतु नेता स्वयं के अलावा अन्य किसी सहयोगी की प्रशंसा न तो करता है और न ही सुनता है। वह स्वयं की किसी भी गलती को सुनने और मानने से इनकार करता है बल्कि आरोप, आलोचना, गाली गलौज, मारपीट और अपमान को हथियार के रूप में उपयोग करता है जिसके फलस्वरूप एक बड़ा वर्ग उसका विरोधी बन जाता है जो भयवश जयकारा तो लगा सकता है पर वोट देना बंद करने लगता है। धूमकेतु नेता चंद स्थानीय समस्याओं को लेकर आक्रामक होता है परंतु उसके पास कोई स्पष्ट योजना और उसके कार्यान्वित करने के साधनों का अभाव होता है। यही कारण है कि ऐसे नेता अपने लंबे कार्यकाल में भी अपने क्षैत्र में कोई ऐसा सर्वजन हितार्थ काम करवा पाने में असफल होते नजर आते हैं जिसकी वजह से उन्हें लंबे समय तक याद किया जा सके। ये लोग भूल जाते हैं कि स्थानीय डॉक्टर, थानेदार या अभियंता पर चिल्लाना ही जन नेता का काम नहीं है। घमंड, गप्पबाजी, तथ्यहीनता और अफसरशाही की प्रताड़ना द्वारा खबरों में रहने की आदत बन जाती है जिसकी वजह से कोई भी गंभीर योजनाकार इन लोगों के साथ टिक नहीं पाता और इन नेताओं की ऊर्जा का ह्रास होने लगता है। चमकता पुच्छल तारा समय के साथ महज टिमटिमाता नजर आने लगता है। चूंकि ऐसे नेता अत्यधिक मेहनती होते है तो इनकी ऊर्जा भी तेजी से कम होने लगती है क्योंकि अपनी पार्टी या इलाके में हर काम इन्हें खुद ही करना पड़ता है। ये लोग इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि चाहे प्रजातंत्र हो, राजतंत्र या फिर चाहे अधिनायकवाद हो हर जगह एक मजबूत संगठन ही किसी व्यक्ति को ध्रुव तारा बनाता है।

धूमकेतु का श्रृष्टि निर्माण में कोई योगदान नहीं होता, इनकी कोई जिम्मेदारी नहीं होती, इनके बारे में भय और भ्रांति बनी रहती है तथा लोगों के मन में ये बात बैठी रहती है कि इनकी चमक स्थाई नहीं है परंतु जब तक है तब तक मनोरंजक है, उत्साहजनक भी है। आक्रामक परंतु दिशाहीन युवा कार्यकर्ताओं की भीड़ से घिरे इन आत्ममुग्ध ऊर्जावान नेताओं के पर कोई गंभीर विचारक पहुंचने का प्रयास तक नहीं करता है। इनकी नियति प्रारंभिक चमक के बावजूद विलुप्ति ही होती है। ऐसा होता रहा है, अभी हो रहा है और आगे होता भी रहेगा। इति!!

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

# शहरी इलाके में घुसे पैंथर ने युवक व गाय को घायल किया, लोगों में दहशत

## हमला करने के बाद एक मकान के बाथरूम में घुसकर बैठा रहा पैंथर

**सीकर, (निसं)।** शहर के जयपुर रोड स्थित वार्ड नंबर 40 के सैनी नगर इलाके के लोग गुरुवार को करीब छह घंटे तक इलाके में पैंथर की दस्तक के चलते दहशत में रहे। शहर के जयपुर रोड स्थित सैनी नगर में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे एक मकान के पास पड़े कचरे के नजदीक पैंथर का मूवमेंट लोगों को नजर आया। पैंथर को देखने के बाद जब लोगों ने शोरगुल किया तो पैंथर वहां से दौड़ता हुआ नजदीक ही एक मकान की सीढ़ीओं के नजदीक बने बाथरूम में घुसकर बैठ गया।

मकान में घुसने से पहले पैंथर ने एक कारखाने में काम करने वाले युवक निखिल पर भी हमला कर दिया। पैंथर के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए एसके अस्पताल भेजा गया, जहां से युवक को जयपुर रैफर करने की सूचना है। वही पैंथर ने सुबह एक गाय पर भी हमला कर दिया। जिससे गाय भी घायल हो गई। पैंथर की सूचना पर सीकर वन विभाग की टीम और उद्योग नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने पैंथर को पकड़ने के लिए जयपुर वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। करीब पांच घंटे बाद जयपुर से वन विभाग की रेस्क्यू टीम पैंथर को ट्रेकुलाइज कर पकड़ने के लिए सीकर पहुंची। जयपुर से आई वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने कड़ी मेहनत के बाद पैंथर को बाथरूम में बंद कर बंदूक से बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर ट्रेकुलाइज किया। पैंथर को बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के बाद भी करीब डेढ़ घंटे तक वन विभाग की टीम पैंथर के पूरी तरह से बेहोश होने का इंतजार करती रही। ट्रेकुलाइज करने के करीब डेढ़ घंटे बाद रेस्क्यू टीम ने पैंथर के पूरी तरह से बेहोश होने पर संतुष्टि जताते हुए पैंथर को बेहोश की हालत में बाथरूम से बाहर निकाला और पिंजरे में डालकर रेस्क्यू टीम रवाना हो गई।



**जयपुर से आई वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने पैंथर को बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर ट्रेकुलाइज किया।**

**▪ पैंथर की सूचना पर सीकर वन विभाग की टीम और उद्योग नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची**

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पैंथर की बेहोशी उतारने के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ा जाएगा। पैंथर की सूचना पर नगर परिषद के निवर्तमान सभापति जीवन खां भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं इलाके में पैंथर होने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम भी मौके पर पहुंच गया। पैंथर को देखने के लिए लोग घंटे तक मकान की छतों व गली में खड़े रेस्क्यू टीम द्वारा पैंथर को बाहर लेने का इंतजार करते रहे। पैंथर के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

जिला वन संरक्षण अधिकारी रामोतार दूधवाल ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब 10:15 बजे सूचना मिली कि शहर के जयपुर रोड इलाके में पैंथर का मूवमेंट देखा गया है, जिस पर तुरंत जयपुर वन विभाग रेस्क्यू टीम को सूचना देकर बुलाया गया। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर बेहोश किया। अब पैंथर के होश में आने पर उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश अनुसार पैंथर को नेचुरल सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

# आधार सत्यापन से दोहरे आवेदन एवं डमी कैंडिडेट पर लगाम लगेगी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोकसेवा आयोग को राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग से भी अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन की अनुमति प्राप्त हो गई है। 27 नवंबर 2024 को जारी की गई अधिसूचना अनुसार आयोग अभ्यर्थियों के द्वारा किए जाने वाले दोहरे आवेदनों की छंटनी, अभ्यर्थियों के सत्यापन, जालसाजी एवं डमी कैंडिडेट की रोकथाम के लिए आधार सत्यापन प्रणाली का उपयोग कर सकेगा। इससे पूर्व माह सितंबर 2024 में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा भी आधार कार्ड के माध्यम से अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन करने की अनुमति आयोग को प्राप्त हो गई थी।

आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों यथा ऑनलाइन आवेदन जांच, साक्षात्कार, काउंसलिंग, दस्तावेज सत्यापन, लिखित परीक्षा व नियुक्ति में अभ्यर्थी की पहचान का सत्यापन इसके माध्यम से किया जा सकेगा। गत् समय के दौरान सामने आए डमी अभ्यर्थियों के प्रकरणों को देखते हुए आधार बायोमैट्रिक सत्यापन आयोग की विश्वसनीयता तथा कार्य प्रणाली में मील का पत्थर सिद्ध होगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग के आग्रह पर कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार द्वारा 8 मई 2024 को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया गया था। इस पर कार्यवाही करते हुए आधार एक्ट 2016 की धारा 4 एवं आधार ऑथेंटिकेशन फॉर गुड गवर्नेंस नियम 2020 के अंतर्गत अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के उद्देश्य से आधार सत्यापन का लिंक प्रदान किया गया था। इसी क्रम में राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा भी आयोग को इसका उपयोग करने की अनुमति के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**▪ कार्मिक विभाग ने भी आयोग को अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन का अधिकार दिया**

उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षाओं की शुचिता भंग करने तथा जालसाजी करने वाले व्यक्तियों व नकल गिरोहों पर लगाम के लिए आवेदन से लेकर परीक्षा प्रक्रियाओं तक में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इनमें वन टाइम रजिस्ट्रेशन के दौरान अंगूठा निशानी, लाइव फोटो कैप्चर, ओएमआर शीट में पांचवा विकल्प, इंटरव्यू में बोर्ड आवंटन जैसी विशेष प्रक्रियाएं सम्मिलित है। आधार बायोमेट्रिक सत्यापन सुविधा प्राप्त होने से आयोग अब और अधिक सशक्त हो सकेगा तथा जालसाजी कर परीक्षाओं में सम्मिलित होने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

## राशिफल शुक्रवार 29 नवम्बर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**


मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, स्वाती नक्षत्र दिन 10:18 तक, शोभन योग सायं 4:33 तक, वणिज करण प्रातः 8:40 तक, चन्द्रमा शनिवार प्रातः 6:03 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–तुला, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रातः 8:40 से सायं 9:35 तक रहेगी। आज त्रयोदशी तिथि में वृद्धि हुई है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:20 तक, लाभ–अमृत 8:20 से 10:57 तक, शुभ 12:15 से 1:33 तक, चर 4:10 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:01, सूर्यास्त 5:29




### मेष

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृष

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




### मिथुन

व्यावसायिक परेशानी अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।




### कर्क

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में संयम रखना ठीक रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।




### सिंह

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।




### कन्या

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृश्चिक

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।




### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार में चल रहे मतभेद समाप्त होंगे।




### मकर

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कुंभ

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

## सार-समाचार

### नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अरविन्द कुमार जैन पुत्र चन्दमल जैन निवासी आरएचबी कॉलोनी सेक्टर 14 ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 19 नवंबर को मकान पर ताला लगा कर परिवार सहित मैं यात्रा के लिए घर से निकला था। 24 नवंबर को पड़ोसी ने मुझे मकान का ताला टूटा होने की सूचना दी। इस पर घर लौट कर देखा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी लेने पर करीब 3 तोला सोने के जेवर, 300 ग्राम चांदी के जेवरात तथा करीब एक लाख रूपये नकदी गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसी प्रकार शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने विजय जैन पुत्र गणपतलाल जैन निवासी केशव नगर यूनिवर्सीटी रोड़ जैन मंदिर के पास भुपालपुरा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 26नवंबर को मकान के बाहर खड़ी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

### महिला ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के बडगांव थानाक्षैत्र में विवाहिता ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डांगियों की पंचोली देबारी हॉल ब्राम्हणों की हुन्दर मदार निवासी संतोष पत्नी दिनेश वागरिया ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम गिर्वा नीरमा विश्नोई ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। दिनेश एवं सतोष का पांच माह पूर्व विवाह हुआ था। शादी होने के बाद से दिनेश अपने ससुराल में ही रहता था। 26 नवंबर को दिनेश अपने गांव गया था। इस दौरान संतोष पीहर पर अपनी मां के साथ थी। जहां मां द्वारा मोबाईल पर बातचीत करने को लेकर एतराज करने पर संतोष ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसकी तबीचत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

### निर्वाचित विप्र जनों का अभिनंदन

**उदयपुर, (कासं)।** व्रिप फाउंडेशन उदयपुर टीम ने मेनारिया एवं श्रीमाली ब्राम्हण समाज जनों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया। विप्र फाउंडेशन जोन ए उदयपुर की ओर से अखिल भारतीय मेनारिया ब्राम्हण समाज एवंश्रीमाली मेवाड़ ब्राम्हण समाज संस्थान मेवाड़ के चुनावों में विजय हुए पदाधिकारियों का मंगलवार को सेवाश्रम स्थित प्रदेश कार्यालय पर स्वागत अभिनंदन किया गया। फोउंडेशन के प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि हाल ही संपन्न हुए चुनाव में श्रीमाली ब्राम्हण समाज के निर्वाचित अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली, उपाध्यक्ष रमेश श्रीमाली एव अखिल भारतीय मनोरिया ब्राम्हण समाज राष्ट्रीय में निर्वाचित गिर्वाजोन के उपाध्यक्ष अर्जुनलाल मैनारिया का मंगलवार को विप्र फाउंडेशन जोन ए के प्रदेश कार्यालय सेवाश्रम पर प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल, उपाध्यक्ष लीलाधर नागदा, विप्र युवा शाखा के जिलाध्यक्ष सुनी पालीवाल, उपाध्यक्ष रोहित चौबीसा, संगठन मंत्री दुर्गाशंकर व्यास, सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी को उपरणा ओडा कर एवं पगडी पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी का सम्मान किया । कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पर्स छीनने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर भ्रमण के लिए आई महिला का पर्स छिनने वाले बाइक सवार दो बदमाशों को सूरजपोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पियुष पुत्र मोहनशंकर जोशी निवासी होटल मैनेजर एक्वाटाईप अपार्टमेंट राजलक्ष्मी होटल के पास नासिक रोड़ महाराष्ट्र हॉल जैन भवन हाथीपोल ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं अपने परिवार के साथ शहर भ्रमण के लिए आया था जहां 25 नवंबर को स्थल मंदिर से सूरजपोल लौटते समय अज्ञात बाइक सवार बदमाश मेरी मां हंसा जोशी के कंधे पर लटका हुआ पर्स छिन ले गए। पिछा करने पर बदमाश पकड़ में नहीं आए। पर्स में नकदी, मोबाईल व आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह चौहान के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए लूट के आरोपी भुपेन्द्र उर्फ भुपेश उर्फ भोन्दु पुत्र श्रवण निवासी टेकरी सूरजपोल, नीरज उर्फ सल्लू पुत्र प्रेमलाल निवासी गुपड़ी डबोक हॉल आदर्शनगर गारियावास हिरणमगरी को गिरफ्तार किया।

### झांसा देकर नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** लोन दिलाने का झांसा देकर पीडित से नकदी हडपने वाले के खिलाफ अम्बामाता थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नाहरसिंह पुत्र देवीसिंह निवासी सायों का खेड़ा, नाथद्वारा खमनोर राजसमन्द ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि परिचित के जरिये आरोपी सज्जन नगर निवासी अशफाक मोहम्मद पुत्र इस्माईल तथा सलीम से संपर्क हुआ। जिनसे बातचीत होने पर ऋण दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान आरोपियों ने एक माह पूर्व मेरी बाईक, दो स्कूटी गिरवी रख दी तथा दो मोबाईल बेच कर रूपये हडप लिए। कुछ समय बाद पूछताछ की तो टालम टोल करना शुरू कर दिया। इस मामले में पड़ताल की तो आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी करने की जानकारी सामने आई।

### जमीन बेच कर लाखों की धोखाधड़ी

**उदयपुर, (कासं)।** पिता के नाम से दानपत्र तैयार कर जमीन पीडित को बेच कर लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ सुखेर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित लक्ष्मण पुत्र खेमा गमेती ने आरोपी लालाराम मीणा पुत्र कालुराम भील निवासी रघुनाथपुरा व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि वर्ष 2020 में आरोपी ने मुझे अपने पिता के नाम का दानपत्र बताते हुए जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा। इस पर दोनों के बीच सहमती बनने पर 15 लाख रूपये का भुगतान करने पर आरोपी ने रजिस्ट्री करवा दी। कुछ समय बाद आगे कार्यवाही करने पर दानपत्र फर्जी होने की जनकारी सामने आई। इस पर आरोपी से संपर्क करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। रूपयों की मांग करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया।

### पंजाब के राज्यपाल एक को उदयपुर में

**उदयपुर, (कासं)।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया एक दिवसीय प्रवास पर 1 दिसंबर को उदयपुर पहुंचेंगे एवं 2 दिसंबर को प्रातः पुनः प्रस्थान कर जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली के अनुसार राज्यपाल 1 दिसंबर को प्रातः 9.25 पर महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे जहां से अपने निवास पर जाएगें एवं विवाह समारोह में सम्मिलित होंगे एवं दूसरे दिन प्रस्थान कर जाएंगे।

# चेतक चौराहे के विस्तारीकरण का काम शुरू, पेड़ हटाया

**उदयपुर, (कासं)।** नगर निगम ने शहर विधायक ताराचंद जैन के निर्देश पर चेतक चौराहे के सौन्दर्यीकरण और विस्तारीकरण का काम शुरू कर दिया है। जिसके तहत निगम ने चेटक चौराहे पर मस्जिद के सामने फतहसागर की ओर जाने वाले रोड पर स्थित एक पेड को काट कर हटा दिया, जिससे हाथीपोल से फतहसागर की ओर पैट्रोल पंप के सामने वाला बाईपास रोड चौडा हो गया।

जानकारी के अनुसार शहर विधायक ताराचंद जैन ने गत दिनों निगम के अधिकारियों के साथ चेतक

- **पेड़ रास्ते में आने के कारण फतहसागर की ओर जाने वाला बाईपास रोड संकरा हो गया था**



नगर निगम ने चेटक चौराहे पर पेड़ को काटा।

चौराहे का दौरा किया था और चेतक चौराहे के सौन्दर्यीकरण और विस्तारीकरण के निर्देश दिए थे। विधायक जैन ने अधिकारियों को गुरू गोविन्द स्कूल की ओर से पहाडी बस स्टेण्ड की ओर जाने वाले रोड पर चौराहे पर मौजूद पार्क में से 10 से 15 फीट जमीन लेकर गोलाई बढाने के निर्देश दिए। विधायक जैन ने पलटन मस्जिद के सामने पडी करीब 100 फीट जमीन में से कुछ जमीन चौराहे के विस्तारीकरण में काम लेने के निर्देश दिए। इस पर गुरूवार से नगर निगम की टीम ने यहां पर काम शुरू किया। निगम ने चेतक मस्जिद के सामने स्थित एक पेड को हटाने के लिए तहसीलदार से स्वीकृति ली। स्वीकृति मिलने पर गुरूवार सुबह निगम ने पेड को काटकर हटा दिया। इस पेड के रास्ते में आने के कारण चौराहे से फतहसागर की ओर जाने वाला बाईपास रोड संकरा हो गया था। पेड हटाने के बाद यह रोड चौडा हो गया। इसके साथ ही मस्जिद के सामने स्थित खंभों को भी हटाने का काम शुरू कर दिया। निगम के विद्युत विभाग ने खंभों के कनेक्शन हटाने शुरू किए और कनेक्शन हटने के बाद इन खंभों को शिफ्ट किया जाएगा, जिससे हाथीपोल की ओर से आने वाला रोड चौडा हो जाएगा। इसके बाद चौराहे पर स्थित पार्कों की जमीन को अधिग्रहित कर रास्तों को चौडा किया जाएगा।

## वीर केसरी बालाजी मंदिर का लोकार्पण

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स संस्थान के परिसर में बने प्राचीन श्री वीर केसरी हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद मंदिर का लोकार्पण गुरूवार को विधि विधान एवं पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ।

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेडी ने बताया कि मुख्य मंदिर पर आठ खम्भों पर सफेद मार्बल का विशाल मंदिर बनाया गया हैं। मंदिर परिसर में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, मंत्री महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह, उपाध्यक्ष प्रो दरियाव सिंह आमदला, विवि कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा ने मंत्रोच्चारण के साथ आहूतियॉं दी। हवन पश्चात मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर पर ध्वजारोहरण किया। इससे पूर्व दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ का महाआरती के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर सेगरा धूनी की महंत गुरूमाई डॉ भुवनेश्वरी का पावन सानिध्य रहा और विद्या प्रचारिणी सभा की कार्यकारिणी व सभा मंडल के सदस्यगण गणपत सिंह



बीएन संस्थान में नवनिर्मित वीर केसरी बालाजी मंदिर लोकार्पण के मौके पर उपस्थित भक्तगण।

नारेला, हनुमंत सिंह बोहेडा, सत्यनारायण सिंह मदारा, भेरू सिंह ज्ञानगढ, मान सिंह महासिंहजी का खेडा, गणपत सिंह महासिंहजी का खेडा, करण सिंह उमरी, दिलीप सिंह दुदोड, महेंद्र सिंह पाखंड, गजेंद्र सिंह घटियावली, कुलदीप सिंह ताल, ओल्ड बॉय एसोसिएशन सचिव भानुप्रताप सिंह झिलवाडा, राजदीप सिंह आदिउपस्थित थे।

वीर केसरी हनुमान के मंदिर के बारे में संस्थान मंत्री डॉ राठौड ने बताया कि वीर केसरी बालाजी का स्थान बहुत पुराना है। पहले मूर्ति एकदम सादी और एक कच्चे चबूतरे पर स्थापित थी। श्रद्धालु जव आंगी कराते थे तब चबूतरे को भी दड-नीप देते थे।

सन् 1952 में यहां के पूर्व छात्र और राव सवाई केसरीसिंह बिजोलियां के दूसरे भाई ठा. मदनसिंह के कुंवर नरेन्द्र सिंह ने जनसहयोग से उस पुराने चबूतरे पर ही मूर्ति को बरकरार कायम रखते हुए जीर्णोद्धार करवाया और मकराणा से संगमरमर की बनी-बनाई और छत्री स्थापित करवाई।

## बैठक आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में जिला कलेक्ट्रेट स्थित मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक महावीर प्रसाद ने कहा कि सभी रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें तथा औपचारिक कार्रवाई होने के 7 दिनों के भीतर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो जाने चाहिए। उन्होंने जन्म-मृत्यु एवं विवाह की घटनाओं का नियमित एवं शत् प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित विभागों को समन्वय से कार्य करने तथा पहचान पोर्टल पर प्रमाण पत्रों के शत् प्रतिशत डिजीटल साईन करने एवं मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु एमसीसीडी कोड प्रपत्र संख्या 4 एवं 4ए शत प्रतिशत उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चूंकि राशन कार्ड में नाम जुडवाने एवं हटवाने समेत विभिन्न कार्यों हेतु जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक दस्तावेज होता है, ऐसे में जन्म का पंजीयन निर्धारित समय पर हो जाना चाहिए

## उदयपुर के आसपास की ग्राम पंचायतों के विकास की जिम्मेदारी निगम को दी जाये : के.के. गुप्ता

**उदयपुर, (कासं)।** देश दुनिया में पर्यटन के लिए प्रसिद्ध राजस्थान की झीलों की नगरी उदयपुर के पर्यटन और सर्वांगीण विकास के लिए उदयपुर शहर से लगी ग्राम पंचायतों और बस्तियों को उदयपुर नगर निगम में शामिल कर उनके विकास की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निगम को ही दी जानी चाहिये ।

राजस्थान सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व नगरीय विकास मंत्री को पत्र लिख यह मांग रखी है । साथ ही उनसे आठाह किया है कि देशी विदेशी पर्यटकों की भारी आवाजाही को देखते हुए उदयपुर शहर की स्वच्छता पर सबसे अधिक ध्यान दिये जाने के लिए जिला प्रशासन को सख्त कार्यवाही कराने का निर्देश दिया जाना चाहिये।

गुप्ता ने बताया कि वर्ष पर्यन्त विशेष कर पर्यटन सीजन में देश दुनिया से प्रतिदिन हज़ारों पर्यटक ऐतिहासिक नगरी उदयपुर में भ्रमण के लिए आते है लेकिन नगर और आसपास की बस्तियों की सड़कों पर फैली गन्दगी को देखकर निराश और मायूस होते है तथा इससे न केवल नगर के पर्यटन पर प्रतिकूल असर पड़ता है वरन् प्रदेश और देश की



के.के. गुप्ता

छवि भी धूमिल होती हैं।उन्होंने बताया कि उदयपुर नगर की आबादी निरन्तर बढ़ती जा रही लेकिन नगर निगम के क्षेत्राधिकार में अभी भी नगर के आसपास के क्षेत्र और बस्तियाँ जिसमें भुवाणा के आंशिक हिस्सों के अलावा बड़गांव, तितरडी, बेदला, बेदला खुर्द, शोभागपुरा, मनवा खेड़ा, सवीना खेड़ा, सीसारमा, कानपुर, देबारी, रेबारियों का गुड़ा, कलड़वास, बेडवास, बलीचा, सुखेर, धोली मगरी, रूप नगर, एकलिंगपुरा, बुझडा, रकमपुरा, सापेटिया, देवली, हवाला कला, हवाला खुर्द, जोगी तालाब, सेठ जी की कुंडल आदि नगर निगम में शामिल नहीं है जिसके कारण नगर निगम इन इलाक़ों में विकास के कार्य नहीं करवा पा रही है। जबकि निगम क्षेत्र के आस पास की बस्तियों में उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकास शुल्क लेकर निर्माण कार्य करवाये गये है तथा बड़ी बड़ी कालोनियाँ काटने से विकास प्राधिकरण उदयपुर के पास भारी राशि जमा हुई है, इसके बावजूद इन कालोनियाँ के नगर निगम को हस्तांतरित नहीं होने से इन बस्तियों में रहने वाले निवासियों को मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित राजाना पड़ रहा है ।इस कारण यहाँ के बाशिंदों द्वारा भी समय-समय पर ज्ञापन प्रेषित कर विकास की मांग रखी गई हैं।

गुप्ता ने बताया कि दुर्भाग्य से उदयपुर की पेरीफेरी पर बसी हुई यह बस्तियां गंदगी का अड्डा भी बनी हुई है। यहाँ की सड़के टूटी फूटी हैं तथा इन पर अँधेरा छाया रहता है। यहाँ कचरा उठाने के नाम से खानापूर्ति हो रही है, चारों तरफ प्लास्टिक फैल रहा है, खाली प्लोटस में गंदगी और जीव जंतु होने से बीमारियाँ फैल रही है । सड़को पर आवारा पशु घूम रहे है तथा शहर के आस पास के क्षेत्रों के तालाब, कुएँ एवं बावड़ियाँ आदि भी गंदगी से अटी पड़ी है । उनकी साफ सफाई एवं सुदृढीकरण का कार्य भी नहीं हो रहा है । अखबारों में प्रकाशित बेहाल नगर और गंदगी की खबरों को देखकर आम जन एवं पर्यटकों के समक्ष सरकार एवं जन प्रतिनिधियों की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।गुप्ता ने पत्र में माँग रखी है कि जो कालोनियाँ उदयपुर शहर से लगी हुई है तथा उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उनसे राशि प्राप्त कर अपने जमा की है उस राशि को उदयपुर नगर निगम को हस्तान्तरण की जाये तथा उन इलाक़ों में खाली पड़ी भूमि को भी निगम को हस्तान्तरण किया जाना चाहिये ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के विकसित भारत विकसित राजस्थान की भावना को धरातल पर उतारा जा सके तथा इन बस्तियों में रहने वाले निवासियों को निगम द्वारा स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, शुद्ध पर्यावरण एवं सड़क आदि आवश्यक सुविधाएँ स्थाई रूप से उपलब्ध करवायी जा सके ताकि यहां के बाशिंदों को सुकून भरा जीवन मिल सके तथा देश विदेश से आने वाले पर्यटक भी जग प्रसिद्ध उदयपुर में और भी बेहतर एक स्वच्छ और सुन्दर शहर का दीदार कर सकें।

## सार-समाचार

### एंटीमाइक्रोबियल अवेयरनेस को बताया



**उदयपुर, (कासं)।** विश्व एंटीमाइक्रोबियल अवेयरनेस सप्ताह के उपलक्ष्य में गीताजंली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर के एंटीमाइक्रोबियलजी विभाग द्वारा फतेहसागर की पाल पर नुक्कड नाटक मंचन के माध्यम से लोगों को दिन प्रतिदिन बढते हुए एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के कारणों को और इससे बचने के उपायों को आम जनता को समझने का प्रयास किया । आज के समय में जब हम हर परिस्थिति में हर बीमारी में बिना डॉक्टरी सलाह के एंटीबायोटिक का सेवन कर लेते हैं तो कैसे वो हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाती है और फिर सही समय पर जरूरत पडने पर कोई एंटीबायोटिक काम नहीं आती है यही इस नाटक के द्वारा बडे हो मजेदार ढंग से गीतांजलि के डॉक्टर्स द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### पीएमसीएच में मोतियाबिंद की सर्जरी

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग ने एक व्यक्ति के जटिल मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन कर उसे ऑखो की रोशनी लौटाई। दरअसल अजमेर के किशनगढ निवासी (65 वर्षीय) को जन्म से ही केवल एक आंख से ही देखता था,लेकिन बाद में उसमें भी मोतियाबिंद की वजह से पूरी तरह अंधकार छा गया। वर्षो तक इस समस्या से जूझते हुए उन्होंने कई स्थानीय चिकित्सकों से परामर्श लिया, लेकिन अत्यधिक जटिलता और ऑपरेशन में संभावित जोखिम के चलते किसी उच्चस्तरीय सेन्टर पर जाने की सलाह दी। पीडित ने पेसिफिक हॉस्पिटल भीलों का बेदला आया नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेन्द्र चौधरी को दिखाया तो जांच करने के बाद जटिल मोतियाबिन्द का पता चला और ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। मरीज के सफल ऑपरेशन में नेत्र रोग सर्जन डॉ.राजेन्द्र चौधरी, ऐनेस्थिशिया विभाग के डॉ, प्रकाश औदिच्य, डॉ.विजय चाहर, डॉ.सलोनी सिंह, हरीश प्रजापत एवं हीरालाल का सहयोग रहा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मामला इतना जटिल था कि ऑपरेशन के दौरान आंख की संरचना को क्षति पहुंचने और दृष्टि पूरी तरह खत्म होने का खतरा था। लेकिन पीएमसीएच में उपलब्ध उच्च स्तरीय सुविधाएं एवं विशेषज्ञो की टीम के चलते यह सम्भव हो पाया। मरीज एवं उसके परिजनो ने मैनेजमेन्ट, चिकित्सको एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### बार एसोसिएशन के चुनाव 13 को

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर बार एसोसिएशन के होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पांच जनों के बीच मुकाबला होगा। मैदान में रहे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद अब चुनावी मैदान में उम्मीदवार प्रचार के लिए काम शुरू कर चुके हैं।बार के लिए मतदान 13 दिसंबर को होगा और उसी दिन मतदान के बाद मतगणना होगी। यहां 6 पदों पर 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए हाईकोर्ट बेंच लाने का 4 दशक पुराना मुद्दा ही बडा है। साथ ही कोर्ट कैंपस में सुविधाओं के विस्तार पर भी बात कर रहे है। । मतदान के दिन प्रत्येक मतदाता को अपने साथ बार कॉसिंल ऑफ राजस्थान का पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। अध्यक्ष पद के लिए चंद्रभान सिंह शक्तावत,चेतन पुरी गोस्वामी,संदीप श्रीमाली,सत्येंद्र सिंह सांखला और शिव कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष पद के लिए अतुल जैन और देवी लाल जाट,महासचिव पद के लिए लोकेश गुर्जर और महावीर प्रसाद शर्मा, सचिव पद पद के लिए अभिषेक कोठारी और सुरेश प्रजापत, वित्त सचिव पद पद लिए धर्मेंद्र सोनी और राज कुमार शर्मा तथा पुस्तकालय सचिव के लिए खेमराज डांगी व मांगी लाल खटीक मैदान में है।

## इमली वाले बाबा के उर्स मुबारक का आगाज

**उदयपुर, (कासं)।** गुलाब बाग स्थित दरगाह हजरत शाह सय्यद अब्दुल शकुर साबिर अली चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह ( इमली वाले बाबा) का सालाना 291 वां उर्स मुबारक गुरुवार को बाद नमाज के महफिले मिलाद का प्रोग्राम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर प्रवक्ता मोहम्मद रफीक शाह ने बताया कि इमली वाले बाबा का सालाना उर्स मुबारक मे आज बाद नमाज मगरिब के आस्ताने आलिया पर महफिले मिलाद का आयोजन किया । खांजीपीर मोहल्ले से हुसैनी कमेटी की जानिब से बाद नमाजे जुम्मा के आकिब हुसैन के नेतृत्व मे चादर शरीफ का जुलुस लाया जायेगा और चादर शरीफ पेश कर दुआए मांगी जाएगा।


(प्रपत्र संख्या-7) (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

**नोटिस**

पत्रावली संख्या:-168/2024/ उदयपुर/5099
दिनांक-22/11/24

वास्ते:-
श्रीमती गिरिजा कुमारी चुण्डावत चेरिटेबल ट्रस्ट, 24, अलकापुरी, महाकाल रोड, उदयपुर
श्रीमती गिरिजा कुमारी चुण्डावत चेरिटेबल ट्रस्ट, 24, अलकापुरी, महाकाल रोड, उदयपुर पंजीयन क्रमांक 04/देव/उदय/2022 हेतु डॉ.अमरसिंह चुण्डावत, अध्यक्ष द्वारा ट्रस्ट की बैठक दिनांक 10.10.2024 की पालना में प्रन्यास के पते में परिवर्तन बाबत् राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 23 नियम 22 में आवेदन पेश किया गया है।

अत: एव धारा 23 की प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम,व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे , इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30(तीस) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां,यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख 27/12/24 की रखी गयी है। यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 21.11.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर



**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा जिला चित्तौडगढ (राज.)**

क्रमांक/न.पा.रा./एस.बी.एम./2024-25/4330 दिनांक :-25.11.2024

**-: आम सूचना :-**

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भारत सरकार या राज्य सरकार के परिपत्र की पालना में नगरपालिका रावतभाटा क्षेत्र को ओडिएफ प्लस घोषित किया जाना है। इससे संबंधित किसी व्यक्ति/विशेष संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगरपालिका में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति में दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है इसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

राज.संवाद/सी/24/8408 अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, रावतभाटा


## प्रशिक्षण प्रारंभ

**उदयपुर।** तृतीय चरण के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) पर कार्यरत नर्स कम्पाउण्डर, एएनएम व आशाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से होटल 7 रेज में प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं सवास्थ्य अधिकारी, उदयपुर डॉ. शंकर बामनिया ने की। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक, अतिरिक्त निदेशक कार्यालय, संभाग उदयपुर डॉ. भूपेन्द्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, उदयपुर डॉ. राजीव भट्ट रहे। प्रशिक्षण प्रभारी सहायक निदेशक आयुर्वेद डॉ. भानु कुमार जैन ने बताया कि शिविर 28 से 30नवंबर तक चलेगा। इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत कम्पाउण्डर्स/नर्स, एएनएम एवं आशाओं को आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्षेत्र में एनसीडी इत्यादि सर्वे एवं रोगों की प्रारंभिक जांच का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. शंकर बामनिया ने कहा कि आज के समय में गैर-संचारी रोग बढते जा रहे है जिनका सही समय पर निदान होना आवश्यक है।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा तिथियों में बदलाव की मांग

- **संगठन ने किया शीतकालीन अवकाश अवधि में परीक्षा आयोजन का विरोध**
- **शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारियों ने निर्णय का स्वागत**

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेशाध्यक्ष रमेशचन्द्र पुष्करणा एवं महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा द्वारा शिक्षा मंत्री मदनलाल दिलावर को प्रेषित पत्र में अर्द्धवार्षिक परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने पत्र जारी कर परीक्षा तिथियों में बदलाव किया है, अब प्रदेश में अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं 14 दिसंबर से 24 दिसंबर के बीच आयोजित होगी।

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिन चौबीसा, जिलाध्यक्ष बलवन्त बामणिया एवं जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष शैक्षिक और सहशैक्षिक कार्यक्रम का वर्षभर का पंचांग जारी किया जाता है, लेकिन विभाग ने मनमाने तरीके से परीक्षा कार्यक्रम जारी कर 17 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

संगठन के मंडल उपाध्यक्ष देवी लाल पाटीदार, संगठन मंत्री प्रवीण जैन एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि संगठन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए परीक्षा तिथियों में बदलाव की मांग की। इस पर शिक्षक हित में संवेदनशील सरकार ने तुरंत ही सकारात्मक निर्णय लेते हुए परीक्षा तिथियों में बदलाव किया है। संगठन सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों शिक्षकों और छात्रों को राहत मिली है।

सरकार के इस निर्णय का जिला संगठन मंत्री नवनीत भट्ट, कांता परमार, भारतसिंह राणावत, मीडिया प्रभारी देवानंद उपाध्याय, नरेश पाटीदार, दक्षा कलाल, सुदर्शनसिंह चौहान, रामलाल कटारा, जगदीश पाटीदार, राजेन्द्र वरहात, योगेश कुमार डामोर, कोमेन्द्रसिंह चौहान,भरत पाटीदार, हितेश उपाध्याय, राजेन्द्र मीणा सहित जिला एवं उपशाखा कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने स्वागत करते हुए प्रदेश के लाखों कार्मिकों को राहत देने वाला छात्र हितैषी निर्णय बताया।

## सीएसआर गतिविधियों की ली जानकारी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर दौरे पर आए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के चेयरमैन अंतर सिंह आर्य गुरुवार को स्वरूपसागर स्थित हिंदुस्तान जिंक के कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर जनजाति क्षेत्र में चल रही कंपनी की सीएसआर गतिविधियों की जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने जनजाति क्षेत्र में चल रही कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि कंपनी की गतिविधियां सराहनीय है जिससे जनजाति बाहुल्य इलाके में आमजन विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त करने एवं रोजगार से जोडने के प्रशंसनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्राइफेड से महिलाओं और उनसे जुडे स्वंय सहायता समूहों को जोड़ें जिससे प्रचार-प्रसार एवं विपणन में महिलाओं एवं समूहों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से जनजाति क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर कार्य किया जाए। इस दौरान हिंदुस्तान जिंक के मनीष वासुदेव ने कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी दी एवं अनुपम निधि ने सीएसआर गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। इस अवसर पर टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर, जनजाति आयोग के अधिकारी, हिंदुस्तान जिंक की ओर से निष्ठा गुप्ता, हेमंत नागदा, रवि दवे आदि मौजूद रहे।


**GRAM PANCHAYAT DAKAN KOTDA, PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)**

LETTER NO:2024-25/ 129 DATE:26-11-2024

**E-TENDER NOTICE**

E-Tender Notice are invited for Goods. Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp. rajasthan.gov. in and http:// eprocure.rajasthan.gov.in

UBN NO- ZUD2425GLRCO1714

SARPANCH
Gram Panchayat DAKAN
KOTADA P.S.GIRWA

# सरकारी स्कूल की पुरानी दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत

## मौके पर मौजूद लोगों ने मजदूरों को बाहर निकालने के लिए मलबा हटाया

- पोषाणा गांव के राउमावि में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण के लिए पुरानी चारदीवारी के पास जेसीबी की सहायता से नींव खोदी गई थी
- गुरूवार सुबह सात मजदूर नींव से मिट्टी निकालकर समतल करने का कार्य कर रहे थे, इस दौरान हादसा हुआ, एक मजदूर घायल

**सायला, (निसं)।** सायला पुलिस थाना क्षेत्र के पोषाणा गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की पुरानी दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी एवं थानाधिकारी महेन्द्रसिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों के सहयोग से बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर मौजूद लोगों ने मजदूरों को बाहर निकालने के लिए मलबे को हटाने का काम शुरू किया, लेकिन मलबे में दबे वीरमाराम (40 साल) पुत्र चेनाराम जाट निवासी कंगाउ जिला बाड़मेर, मोहनलाल (23) पुत्र रतनाराम जाट निवासी लालजी की डुंगरी जिला सांचौर एवं भैराराम (40) पुत्र भूराराम राव निवासी धनाऊ जिला बाड़मेर की मौत हो गई, जबकि जगदीश (20) पुत्र भूराराम राव निवासी धनाऊ जिला बाड़मेर गंभीर घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस की सहायता से सायला हॉस्पीटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगे रेफर कर दिया जबकि मृतकों के शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सायला की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। देर शाम तक मृतकों के शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया था।



सायला पुलिस थाना क्षेत्र के पोषाणा गांव में विद्यालय की पुरानी दीवार गिरने के बाद दबे मजदूरों को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार पोषाणा गांव के राउमावि में समग्र शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण के लिए बुधवार को विद्यालय की पुरानी चारदीवारी के पास जेसीबी की सहायता से 4 फीट गहरी नींव खोदी गई थी। गुरूवार सुबह 8:10 बजे के लगभग 7 मजदूर नींव से मिट्टी निकालकर समतल करने का कार्य कर रहे थे। जिसमें से 4 मजदूर नींव में उतरकर मिट्टी निकाल रहे थे। जबकि 3 मजदूर बाहर से मिट्टी हटा रहे थे। इस दौरान स्कूल की पुरानी दीवार के नीचे से मिट्टी ढह गई और करीबन 50 फीट लम्बी दीवार गिर गई, जिससे नींव में उतरे चार मजदूर मलबे में दब गए, जिनमें से तीन की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर घायल हो गया।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय में 30 लाख की लागत से एक कमरा तथा पुस्तकालय का निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ था। जिस पर प्रधानाचार्य एवं कनिष्ठ अभियन्ता के लेआउट के अनुसार कार्य किया जाना था, लेकिन ठेकेदार द्वारा गुरूवार को प्रधानाचार्य की गैर-मौजूदगी में कार्य शुरू करवाया गया। प्रधानाचार्य गत 21 नवम्बर से विद्यालय से अनुपस्थित चल रहे हैं।

## किसान बांध में डूबा, नहीं लगा कोई सुराग

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के जानबाज का बंधा में डूबे किसान का 28 घंटे बाद भी शव नहीं नहीं मिला। इसके चलते परिजनों का भी हाल-बेहाल है। किसान को तलाशने के लिए टीम जुटी हुई है।

सदर थाना प्रभारी बृजमोहन कविया ने बताया कि गोल डूंगरी निवासी सायर लाल उम्र 40 साल चंदू कीर को तलाश किया जा रहा है। वह 27 नवम्बर प्रातः 11 बजे खेत पर जा रहा था। जिसका पैर जानबाज का बंधा की पाल से गुजरते समय फिसल गया, इससे वह बंधे में जा गिरा। वह डूबने लगा तो वह चिल्लाया, उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर एक राहगीर दौड़ा आया, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही सायर कीर पानी में डूब गया। जिसकी सूचना ग्रामीणो ने पुलिस को दी, जहां मौके पर पुलिस ने पहुंचकर बचाव टीम ने उसे तलाशना शुरू किया, पर बुधवार शाम तक भी उसका कोई पता नहीं लगा, फिर टीम ने उसका रेसक्यू अंधेरा होने से बंद कर दिया। गुरुवार सुबह फिर से टीम सायर को तलाशने में जुटी है, लेकिन दोपहर करीब तीन बजे तक भी वह नहीं मिला है। सायर के रिश्तेदार दूनी गौशाला के सचिव ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि सायर का परिवार गरीब है, उसके दो बेटियां और एक बेटा है। सायर खेतीबाड़ी और मजदूरी कर परिवार का लालन-पालन करता था।

# नरेश मीणा प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

- सीआईडी ने राजकार्य में बाधा डालने के मामले में कार्रवाई की

**टोंक, (निसं)।** समरावता में गत दिनों हुए थप्पड़काण्ड के आरोपी व देवली-उनियारा निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 28 नवम्बर को सीआईडी सीबी ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पूछताछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समरावता में गत दिनों हुए बवाल को लेकर जेल में बंद रहे नरेश मीणा को बुधवार को जिला करावास से सीआईडी सीबी ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। बाद में उसे कोतवाली लाकर बारां जिले के अटरू थाना क्षेत्र में राजकार्य में बाधा डालने आदि के मामले में पूछताछ की तथा उसे वीडियो कॉन्फ्रेस के जरिये अटरू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिसंबर तक जेल भेज दिया गया, कोर्ट के आदेश पर उसे शाम को फिर से जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार गत 13 नवंबर को मतदान के दिन निर्दलीय प्रत्याशी रहे नरेश मीणा ने मतदान बहिष्कार के बाबजूद तीन जनों के जबरन वोट दिलाने के मामले को लेकर एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था।

## उदयपुर के पूर्व राजपरिवार में छिड़ा विवाद थमा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के पूर्व राजपरिवार में राजतिलक की रस्मों को लेकर छिड़ा विवाद थम गया है, लेकिन सिटी पैलेस का गेट गुरुवार को लगातार चौथे दिन बंद रहा । यहां घूमने आने वाले सैलानियों को निराश लौटना पड़ रहा है। पुलिस ने जगदीश चौक के सामने से बैरिकेड्स और जालियां हटवा ली हैं। पिछले तीन दिन सिटी पैलेस से लेकर जगदीश चौक तक की बंद दुकानें आज खुल गई ।

जगदीश मंदिर से लेकर सिटी पैलेस तक के 500 मीटर के दायरे में आने वाली 70 से ज्यादा दुकानों के बाहर सन्नाटा पसरा है। ऐसे में व्यापारियों के चेहरे पर मायूसी है। उदयपुर कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने आदेश जारी कर सिटी पैलेस इलाके लगी धारा 163 हटा ली है। इसके बाद दोबारा रौनक लौटने की उम्मीद है। नवंबर और दिसंबर का समय टूरिस्ट के लिहाज से पीक सीजन रहता है। इन 2 महीनों के दौरान उदयपुर आने वाला लगभग हर टूरिस्ट सिटी पैलेस घूमने जरूर आता है। यहां रोजाना लगभग 5 हजार पर्यटक सिटी पैलेस घूमने आते हैं। सिटी पैलेस के स्टाफ के अनुसार 4 दिनों में सिटी पैलेस को टूरिज्म से होने वाले रेवेन्यू में 40.50 लाख का नुकसान हुआ है।

उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर को चित्तौड़गढ़ में उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ के राजतिलक की रस्म हुई थी।


**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/ EMD | Start of sale /Last date |
|---|---|---|---|
| NIB No. : F4.3(618)/ RISL/Tech/2024/6475 Dated 26/11/2024 RIS2425SLRC00055 | Short Term Request for Proposal (RFP) for Development and FMS of Web Portals & Websites in AEM. | Cost : 8 Crore EMD : 16 Lakh | 26/11/2024 To 06/12/2024 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें – http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in.

Raj.Samwad/C/24/8437 System Analyst (Jt. Director)



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नैनवां**

क्रमांक : 1184 दिनांक : 23.11.2024

**निविदा सूचना संख्याः 07/2024.25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा0नि0वि0 खण्ड नैनवां के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र की सड़क कार्य के लिये राशि रू. 155.70 लाख के उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, व ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा डाउनलोड करने की दिनांक 27.11.2024 से 09.12.2024 तक सायं 6.00 बजे तक।

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB10457 |
| 2 | PWD2425WSOB10458 |
| 3 | PWD2425WSOB10459 |

DIPR/C/11833/2024 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड नैनवां



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड-बूंदी**

क्रमांक-1886 दिनांक-23.11.2024

**निविदा सूचना संख्या 12/2024-25**
**NIB code PWD2425A2852**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बजट घोषणा संख्या 17.01/2024-25 के अन्तर्गत नगर परिषद बूंदी के अधीन सड़कों का निर्माण कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 04.12.2024 से 14.12.2024 को सायं 6.00 बजे तक।

**UBN is: PWD2425WSOB10436**

(राजाराम मीणा) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बूंदी

DIPR/C/11829/2024



**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभारिम शशि सूर्ययोः

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (सिविल), जयपुर, (Registered Office Vidyut Bhawan, Jyoti Nagar, Jaipur) E-Mail:- seciviljpr@jvvnl.org, Tel.No. 0141-2207932

**ई - निविदा सूचना संख्या 19 से 22/2024-25**

अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) ज.वि.वि.नि.लि. जयपुर/अलवर/भरतपुर के अधीन विभिन्न निर्माण, मरम्मत एवं विद्युत संबधित सिविल कार्यो के लिए ई–निविदा संख्या 19 से 22/2024–25 द्वारा मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट **www.energy.rajasthan.gov.in, www.tenders.gov.in** एवं State Public Procurment Portel पर उपलब्ध है। भविष्य में तारीख बढाने की सूचना/संशोधन यदि कोई है तो ज.वि.वि.नि.लि. की वेबसाईट पर ही सूचित/प्रकाशित की जायेगी। ई–निविदा के लिए इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**NIB No. VVN2425A0168 to 170, 172 UBN No. VVN2425WSOB00680 to 722, 724 to 730, 733 to 748**

राज.संवाद/सी/24/8407 जेपीआर - 2913 (2024) अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507


# प्रदेश के सभी सरकारी-प्राईवेट स्कूलों का एक ही समय होगा

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग ने राजस्थान के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल (राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध) को एक साथ संचालित करने के आदेश दिए हैं। ऐसे सभी स्कूल एक साथ शुरू होंगे और एक ही समय पर सबकी छुट्टी होगी, अगर कोई स्कूल इन आदेशों की अवहेलना करेगा, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि मान्यता भी रद्द की जा सकती है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बुधवार देर रात करीब 10 बजे यह आदेश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सर्दी के समय में एकल पारी स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ही चलेंगे। इसके अलावा दो पारी वाले स्कूल सुबह साढ़े 7 से शाम साढ़े 5 बजे तक चलेंगे। दो पारी वाले स्कूल की प्रत्येक पारी सर्दी में 5 घंटे की ही रहेगी।

गर्मी में सभी एक पारी के स्कूल सुबह साढ़े 7 से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे। दो पारी वाले स्कूल सुबह 7 से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। दो पारी वाले स्कूलों में गर्मी में प्रत्येक पारी साढ़े 5 घंटे की होगी। दो पारी वाले स्कूलों में सर्दी में आधा घंटे कम पढ़ाई होगी। निदेशक आशीष मोदी ने कहा कि विभाग के ध्यान में आया है कि राज्य में संचालित गैर सरकारी स्कूल शिविरा (शैक्षणिक) कैलेंडर को पूरी तरह पालन नहीं कर रहे हैं। सर्दी बढ़ने के बाद भी स्कूलों का संचालन सुबह जल्दी किया जा रहा है। इससे स्टूडेंट्स के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। अगर कोई प्राइवेट स्कूल कैलेंडर का पालन नहीं करता है तो संबंधित स्कूल के खिलाफ राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों की मान्यता व क्रमोन्नति भी रद्द की जा सकती है। सर्दी बढ़ने के बाद भी सुबह 6 बजे बच्चों को लेने के लिए स्कूल बस आ जाती है। ऐसे में स्टूडेंट्स को भारी सर्दी में सुबह 5 बजे उठकर तैयार होना पड़ता है। जिन इलाकों में स्कूल घर से 15 किलोमीटर की दूरी पर हैं, वहां स्टूडेंट्स को एक घंटे पहले निकलना पड़ता है। अब राज्यभर में समान समय पर स्कूल संचालित करने से स्टूडेंट्स को राहत मिल सकती है।

शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश हर्ष ने बताया कि शैक्षणिक कैलेंडर सभी स्कूलों पर लागू होता है। सीबीएसई एक बोर्ड है, जिसका स्कूल समय से कोई सरोकार नहीं होता। जिन स्कूल को एनओसी देते हुए कैलेंडर के पालन की शर्त लगाई गई है, उन्हें भी अपना समय माध्यमिक शिक्षा निदेशक के आदेश के अनुसार बदलना चाहिए।

डायरेक्टर के आदेश के बाद ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि ये आदेश सीबीएसई स्कूल पर लागू होगा या नहीं। सभी सीबीएसई स्कूल अपने स्तर पर अलग से समय तय करते हैं। शिक्षा विभाग एनओसी देते हुए शर्त रखता है कि शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करना होगा। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ के प्रदेश संरक्षक राजेश व्यास का कहना है कि राज्य के सभी स्कूल में समान समय होना चाहिए। सर्दी सभी को लगती है। ऐसे में सुबह 7-8 बजे के बजाय 10 बजे से एकल पारी स्कूल शुरू होने चाहिए।

## 24 घंटे में बदला अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल

- नये आदेश के अनुसार अब 24 दिसंबर को खत्म हो जाएगी अर्द्ध वार्षिक परीक्षायें

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग से जुड़े राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में क्लास 9 से 12 के अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल 24 घंटे में ही बदल दिया है। एक दिन पहले में जारी टाइम टेबल में 17 दिसंबर से एग्जाम शुरू होने थे और 27 दिसंबर तक चलने थे।

ऐसे में शीतकालीन छुट्टियां रद्द होना तय हो गया था। अब सरकार ने टाइम टेबल में फेरबदल करते हुए 14 दिसंबर से 24 दिसंबर तक ही एग्जाम करने का निर्णय कर लिया है। ऐसे में शीतकालीन अवकाश एक बार फिर 25 दिसंबर से ही शुरू होने की उम्मीद बंध गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने गुरुवार शाम 7 बजे इस संबंध में आदेश पर डिजिटल हस्ताक्षर किए हैं। संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक 14 दिसंबर को लिखित परीक्षा शुरू होगी और 24 दिसंबर तक चलेगी। वहीं स्कूलों में प्रैक्टिकल एग्जाम 12 दिसंबर और 13 दिसंबर को होंगे।

एग्जाम की तारीखें बदलने के बाद भी शीतकालीन अवकाश को लेकर असमंजस बरकरार है। अगर 24 दिसंबर तक एग्जाम समाप्त किए जा रहे हैं तो 25 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश शुरू हो सकते हैं। हमेशा सरकार 25 दिसंबर से ही शीतकालीन अवकाश शुरू करती है और 1 जनवरी के बाद तक अवकाश रहता है। इसके बाद सर्दी तेज हो जाती है तो इसमें संशोधन करके छुट्टियां बढ़ा दी जाती है। इसी से बचने के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सर्दी के बढ़ने पर ही अवकाश करने की बात कही थी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्राइवेट स्कूल में पेपर नहीं रखे जाएंगे। ये पेपर सरकारी स्कूल में रहेंगे, जहां से सभी प्राइवेट स्कूल को निर्धारित समय पर प्राप्त करने होंगे। अगर सरकारी स्कूल में भी सुरक्षा पर संदेह है तो संबंधित पुलिस थाने में पेपर रखे जा सकते हैं। हाफ इयरली एग्जाम के लिए हर स्टूडेंट से 20 रुपए फीस ली जाएगी। इसके अलावा ईयरली एग्जाम के लिए भी फीस साथ में ली जा सकेगी। संयुक्त निदेशक ये फीस पूर्व में गठित समान परीक्षा संचालन समिति के माध्यम से एकत्र करके पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा के खाते में जमा करवाएंगे।

राज्य में पहली बार एक साथ हो रहे हाफ ईयरली एग्जाम का टाइम टेबल जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार सर्दी की छुट्टियां 25 दिसंबर से शुरू नहीं होंगी। सभी स्कूल में प्रैक्टिकल एग्जाम 12 से 16 दिसंबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।

## साक्षात्कार का प्रथम चरण 9 से

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय के 153 पदों हेतु प्रथम चरण के साक्षात्कार का आयोजन 9 से 24 दिसंबर तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। वे अभ्यर्थी आवेदन पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित प्रस्तुत करें।

## पूरे पश्चिमी राजस्थान में किसान बिजली को लेकर परेशान हैं : भाटी

**जोधपुर, (कासं)।** शिव विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि पूरे पश्चिमी राजस्थान में किसान बिजली को लेकर परेशान हैं, बिजली का संकट हैं, किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। सरकार ने छह घंटे तक बिजली देने का वादा किया था, लेकिन चार घंटे बमुश्किल बिजली मिल रही है। अभी रबी की बुवाई चल रही है।

सरकार को तय करना होगा कि किसानों को बिजली उनकी मांग के अनुसार मिले। गुरुवार को जोधपुर आए भाटी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि किसानों की बात सुनने के बाद वो खुद कई जीएसएस पर गए, जहां कई अनियमितताएं पाई गई। बाड़मेर में डिस्कॉम चीफ से मिलकर कहा कि किसानों को पूरी बिजली देना सुनिश्चत करें। नहीं तो उनके कार्यालय पर धरना देना पड़ेगा। भाटी ने अपने खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे को लेकर कहा कि जनता के लिए ऐसे कई मुकदमे वह झेलने को तैयार हैं। सरकार में किसी कर्मचारी को सजा देने के लिए निलंबन या एपीओ कर बाड़मेर भेज देने के सवाल पर भाटी ने कहा कि बाड़मेर कोई डस्टबिन नहीं है। आज राजस्थान में सर्वाधिक रेवेन्यू देने वाला जिला है। इस जिले की ऐसी पहचान और साख बनाना उचित नहीं है। बाड़मेर जिले में औरण बचाओ को लेकर चल रहे धरने पर शिव विधायक ने कहा कि औरण हमारी सामाजिक ओर सांस्कृति पहचान है। इसे बचाने के लिए धरना चल रहा है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त-करौली**

क्रमांक : 4529 दिनांकः 22.11.2024

**निविदा सूचना संख्या : 03/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली में नगरीय निकायों के 22 कार्यों के 3 पैकेजो हेतु कार्य (दोष निवारण अवधि 5 वर्ष सहित) के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो एवं अनुभवी कन्सलटेंस से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

| Package No. | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|
| RJ-22-01/LSG-IV/8443//2024-25 Dn. Karauli | PWD2425A2834 | PWD2425WSOB10362 |
| RJ-22-02/LSG-IV/8443//2024-25 Dn. Hindauncity | PWD2425A2829 | PWD2425WSOB10354 |
| RJ-22-03/LSG-IV/8443//2024-25 Dn. Sapotra | PWD2425A2830 | PWD2425WSOB10356 |

(चन्द्र प्रकाश) अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत्त-करौली

DIPR/C/11849/2024



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड खैरवाड़ा**

सा.नि.वि. खण्ड खैरवाड़ा तहसील रोड खैरवाड़ा 313803
E-Mail:-xenkherwara.pwda rajasthan.gov.in
E-Mail :- eepwakherwara @rediffmail.com, Telephone No. 02907-260025

क्रमाक :- टी.एस./निविदा/24-25/13 दिनांक :- 22.11.2024

**निविदा सूचना संख्या 13/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के एए ए बी "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए ए बी "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.dipronline.org व http:/sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 2 कार्य |
| निविदा की लागत | रूपये 120.87 लाख |
| कुल धरोहर राशि | 2 प्रतिशत 2,41,740/- 1/2 प्रतिशत 60.435/- |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारिख | 29.11.2024 प्रातः 09.00 बजे से 02.12.2024 साय 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारिख | 03.12.2024 सांय 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट http:/dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रकिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

निविदा द्वारा धरोहर राशि/निविदा शुल्क / निविदा प्रोसेसिंग शुल्क शासन सचिव वित्त बजट विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमाक प.6 (5) वित्त / साबिलेनि/2018 दिनाक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास के चालान द्वारा जमा कराना होगा।

निविदा शर्ते 1. निविदा शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।
2. चालान रजिस्टर्ड फर्म के नाम से ही जमा करायें।

NIB Code: PWD2425A2833
UBN No :- 1. PWD2425WSOB10359, 2. PWD2425WSOB10360

(एन.एस. डामोर) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड खैरवाड़ा

DIPR/C/11827/2024



**DCP (HQ) (Name of Procuring Entity)**

F.( )/3190 Date-22.11.24

**Notice Inviting Bid**

पुलिस आयुक्तालय जयपुर के राजकीय वाहनों के पार्ट्स क्रय करने की वार्षिक दर

Bids for संविदा (Name(s) of subject matter(s) of Procurement) are invited for interested bidders upto 3.00 (time) 13.12.24 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state, and jaipurpolice.gov.in depatmental website.

UBN No.: COP2425GLOB00018

DIPR/C/11775/2024 (Designation of inviting officer)



**Office of The Superintending Engineer, PHED, Circle Jhalawar**
**Notice Inviting Bid No. 12/2024-25**

Bids for Augmentation/Retrofitting of various water supply scheme Ghatol & Sarda Panchayat Samiti Aklera District Jhalawar are invited from interested bidders upto 09-12-2024 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the http://sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan.gov.in, and http://rajwater.gov.in departmental website.

NIB No. PHE2425A2951 dated 22-11-2024
UBN No. PHE2425WSOB06308 PHE2425WSOB06309

DIPR/C/11757/2024 Superintending Engineer, PHED, Circle Jhalawar



**कार्यालय उपवन संरक्षक, धौलपुर**

क्रमांक-उ.व.सं.धौ./लेखा/निविदा/2027-25/6729 दिनांक-22.11.2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction of Boundry wall in range van vihar Dholpur Division are invited from interested bidders upto 4:00 PM, 02-12.2024. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 14.92 lakhs.

UBN No.- FOR2425WSOB01931

DIPR/C/11814/2024 DCF Dholpur


# पत्थरबाजी के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

- हमले में पुलिस के सबइंस्पेक्टर, थाने की एक महिला कांस्टेबल जख्मी हो गए
- परिवार की महिलाओं ने छीना-झपटी के साथ नाखूनों से पुलिस के चेहरों को भी नोंच दिया
- पुलिस ने अपना मेडिकल करवाया और मां, बेटा-बेटी को शांतिभंग में में गिरफ्तार किया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर गेवा बाइपास रोड स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी में पत्थरबाजी के मुल्जिमों को पकड़ने गई पुलिस पर परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। हमले में पुलिस के सब इंस्पेक्टर, थाने की एक महिला कांस्टेबल जख्मी हो गए। महिलाओं ने छीना-झपटी के साथ नाखूनों से पुलिस के चेहरों को भी नोंच दिया। पुलिस ने अपना मेडिकल करवाया और इसमें मां, बेटा- बेटी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। घटना के समय पिता घर पर नहीं था। सूरसागर थाने के सबइंस्पेक्टर कैलाश पंचारिया की तरफ से राजकार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज कराया गया है। आरोपियों की मुकदमं में फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सूरसागर थाने के सबइंस्पेक्टर कैलाश पंचारिया ने बताया कि गेवा बाइपास रोड स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी के रहने वाले राजेंद्र सिंह सांखला और परिजन के खिलाफ दो महिने पहले पत्थरबाजी का प्रकरण दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपियों को कई बार नोटिस देकर थाने बुलाया गया था। मगर वे लोग थाने पर उपस्थित नहीं हुए। इस पर वे बुधवार की सुबह मय जाब्ते के उनके निवास पर पहुंचे और नोटिस दिए जाने के साथ गिरफ्तारी की कार्रवाई करने लगे। घटना के समय राजेंद्र सिंह वहां नहीं था, मगर उसकी पत्नी रामाकंवरी पुत्र विनय सांखला और शिवानी ही थे। ये लोग पुलिस का विरोध जताते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। छीनाझपटी एवं नाखूनों से हमला कर दिया। नाखूनों से किए गए हमले में सबइंस्पेक्टर कैलाश पंचारिया खुद जख्मी हो गए। बाद में पुलिस तीनों मां बेटा-बेटी को पकड़कर गाड़ी में बिठाते हुए थाने लेकर पहुंचे। यहां पर भी थाने में इन लोगों द्वारा महिला कांस्टेबल से बदसलुकी करते हुए उसे भी जख्मी कर दिया। एसआई पंचारिया ने बताया कि तीनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रकरण में उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

घटना के अनुसार पुलिस की टीम ने राजेन्द्र सिंह सांखला की पुत्री शिवानी सांखला को आवाज लगाई तब दरवाजा खोला गया और शिवानी की मां रामकंवरी और उसका पुत्र विनय सांखला ने दरवाजा खोला। इस पर पुलिस टीम ने शिवानी को थाने आने का कहा और नोटिस थमाया। इस पर मां व बेटे झगड़ा करने लगे और पुलिस से गाली-गलौच करने लगे। पुलिस टीम ने विनय सांखला को दस्तयाब कर थाने ले जाने लगे तब मां रामकंवरी ने उन्हें रोकना चाहा और महिला कांस्टेबल के साथ मारपीट करने लगी। तब आरोपी शिवानी सांखला घर से आई और उप निरीक्षक कैलाश पंचारिया को थप्पड़ जड़ दिया और चेहरे को नाखून से नोंच लिया। सहायक उपनिरीक्षक सूरताराम से भी धक्का-मुक्की की गई।


Government of Rajasthan
**Office Joint Director Agriculture (Plant Pathology)**
**State Bio Fertilizer Quality Control Laboratory**
Durgapura, Jaipur
Email :- jd.ppatho.jpr@rajasthan.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

F (6) JD P.Patho/RKVY/2024-25/939 Date: 19.11.24

**e-Tender Notice**

The Joint Director Agriculture (Plant Pathology) SBQCL, Durgapura, Jaipur Invites following online bid from the eligible bidder :-

| Name of work | Total estimated cost | Bid date start | Bid submission End date & time |
|---|---|---|---|
| Supply & installation of Laboratory Equipments, Furnitures and Lab Items from Manufactures or their Authorized Distributors/ Dealers/Retailers for the use in Various "Depart-mental IPM and SBQCL Laboratories under Department of Agriculture, Government of Rajasthan." | RS 128.108 Lakh (Rupees One Hundred Twenty Eight Lakh And Ten thousand Eight hundred only) | 21-11-2024 10.00 AM | 11-12-2024 06.00 PM |

Details may be seen in the bid document at the website of e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in state public procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://agricultue.rajasthan.gov.in and http://dipr.rajasthan.gov.in

(Madhu Lata Singh) Joint Director Agriculutre (Plant Pathology)

DIPR/C/11805/2024

# रोप-वे, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे और राजमार्गों के विकास में केन्द्र सहयोग करेगा : दिया कुमारी

■ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से की मुलाकात

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हे राजस्थान में राजमार्गों के विकास के लिए उनके द्वारा दिये गये निरन्तर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पिछले दस साल में केन्द्र सरकार ने राजस्थान में सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए लगभग एक लाख करोड़ के कार्यों को स्वीकृत किया है।

दिया कुमारी ने उन्हे आश्वस्त किया कि राज्य में सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए स्वीकृत की गई विभिन्न योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने राजस्थान को सेन्ट्रल रोड तथा इंफ्रास्ट्रक्चर फंड-सीआरआईएफ से ज्यादा सड़कें स्वीकृत करने की भी मांग की।

राजस्थान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यो का ज़िक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से माँग की कि बृज-चौरासी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर विकसित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार की 'पर्वतमाला योजना' के अन्तर्गत राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा धार्मिक और पर्यटन महत्व के स्थानों पर रोपवे के निर्माण की स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा जारी करने की मांग की।

उन्होंने राज्य में बनने वाले 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की स्वीकृति भी केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जारी किये जाने का अनुरोध किया। दिया कुमारी ने बताया कि राजस्थान में बनने वाले नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में से जयपुर-किशनगढ़-जोधपुर प्रोजेक्ट की डीपीआर एनएचएआई को भिजवा दी गयी है तथा बाक़ी आठ एक्सप्रेस-वे का कार्य की स्वीकृति के लिए भी केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध किया गया है। गडकरी ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को कहा कि राजस्थान में राजमार्ग के विकास के लिए 8322 करोड़ रुपये का प्लान है तथा जरुरत पड़ने पर अतिरिक्त कार्यों की भी स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उन्होने दिल्ली-जयपुर-किशनगढ़ मार्ग पर कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए भी ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

दिया कुमारी ने गडकरी से मुलाकात के दौरान बड़ौदामेव-कुम्हेर-नदबई-भरतपुर हाईवे, मथुरा से नदबई होते हुए जयपुर-आगरा रोड से जोड़ने के लिए लिंक हाईवे, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से बांदीकुई में प्रवेश तथा निकास के लिए कनेक्टिविटी सर्वे, जयपुर-किशनगढ़ परियोजना तथा जयपुर-रींगस मार्ग पर ब्लैक स्पॉट सर्वे, जयपुर, उदयपुर तथा अजमेर में रिंग रोड़ के निर्माण, जोधपुर में फ़ोर-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण को शीघ्र पूरा करने तथा भरतपुर के सारस चौराहे, घना, सेवर मोड और शीशम तिराहे पर फ्लाईओवर निर्माण तथा मेडिकल कॉलेज, टेक्नोलॉजी पार्क तथा बरसो के पास अंडरपास और सर्विस रोड आदि मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की।

दिया कुमारी ने भरोसा जताया कि जिस तरह से केन्द्र सरकार ने राजस्थान में हाईवे निर्माण के लिए पिछले दस सालों में भरपूर मदद की है, उसी प्रकार राजस्थान की डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में भी आधारभूत ढाँचे के विकास के नये आयाम स्थापित होगें।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में भेंट की।

# हाईकोर्ट में जज ने मौके पर ही मशीन मंगाकर नपवाई ऊंचाई

■ केंद्र सरकार की सशस्त्र बल भर्ती-2023 में अभ्यर्थी हाइट कम नापने को कोर्ट में चुनौती दी थी

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार की सशस्त्र बल भर्ती- 2023 में अभ्यर्थी की हाइट कम मापने के मामले में मौके पर ही संबंधित मशीन मंगाकर हाईकोर्ट के डॉक्टर से हाइट नपवा ली। हालांकि हाइट समान ही आने पर अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश मंजीत की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में पैरामिलिट्री फोर्स के हाइट मापने के उपकरण को लाया गया। इस दौरान विभाग के असिस्टेंट कमांडेंट अनुपम सिंह, डिप्टी कमांडेंट यशवीर और डॉ. टीआर चौधरी पेश हुए। इस दौरान अदालत ने हाईकोर्ट स्थित चिकित्सालय में तैनात डॉ. अजय पुरोहित को बुलाकर याचिकाकर्ता की हाइट नापने को कहा। डॉक्टर की ओर से याचिकाकर्ता की हाइट 168.5 सेंटीमीटर होना बताया। इस पर अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उसकी हाइट में कोई अंतर नहीं आया है। दरअसल केन्द्र सरकार ने सशस्त्र बल के 26 हजार पदों पर गत वर्ष भर्ती निकाली थी। जिसकी शारीरिक दक्षता परीक्षा गत माह अजमेर में आयोजित की गई। दक्षता परीक्षा में याचिकाकर्ता को कम हाइट होने का हवाला देते हुए बाहर कर दिया।

इस पर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि दक्षता परीक्षा में उसकी हाइट को गलत तरीके से नापा गया है। ऐसे में मेडिकल बोर्ड के जरिए उसकी हाइट का पुन: परीक्षण कराया जाए। वहीं अदालत के सामने आया कि कम हाइट नापने के कई प्रकरण हाईकोर्ट आ चुके हैं। इस पर अदालत ने संबंधित उपकरण को हाईकोर्ट लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अदालत ने मौके पर ही हाइट का परीक्षण कर याचिका को खारिज कर दिया।

# राजस्थान में 4 लाख 80 हजार जल संरक्षण एवं जल संचयन संरचनाओं का निर्माण हुआ : राठौड़

■ सांसद मदन राठौड़ ने भूजल सरंक्षण की दिशा में किए जा कार्यों को लेकर लगाए गए सवाल का जलशक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने दिया जवाब

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि राजस्थान सहित देशभर में तेजी से भूजल स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कार्य करते हुए राजस्थान में 4 लाख 80 हजार तो देशभर में 98 लाख जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन सरंचनाओं को निर्माण करवाया है। इतना ही नहीं, मोदी सरकार द्वारा राजस्थान सहित देश के 7 राज्यों के जल की कमी वाले 80 जिलों में भूजल प्रबंधन के लिए समुदाय आधारित योजनाओं तक को शुरू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। राठौड़ द्वारा देशभर में तेजी से गिरते भूजल स्तर के विषय पर लगाए गए सवाल के जवाब में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने ये जानकारी दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से 2019 से देशभर में जल शक्ति अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत देश भर में वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएं तैयार करने जैसी विभिन्न गतिविधियों को चलाया जा रहा है। जल शक्ति अभियान 2024 के तहत राजस्थान के जल कमी वाले 10 जिलों सहित देशभर के 151 जिलों में विशेष रूप से जल सरंक्षण के लिए कार्य किए जा रहे है।

राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण संबंधी मास्टर प्लान 2020 को राजस्थान सहित देशभर के लिए लागू किया गया। इसमें देशभर में 185 बिलियन घन मीटर जल के लिए 1.42 करोड़ वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण की व्यापक रूपरेखा तैयार की गई है। वहीं केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की ओर से राजस्थान के जोधपुर, जैसलमेर और सीकर सहित राजस्थान के चयनित जल कमी वाले जिलों में बांध, चेक बांध, एनीकट और तालाबों का पुनर्भरण और निर्माण करवाया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से मिशन अमृत सरोवर अभियान के तहत राजस्थान सहित देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जल निकायों का विकास और पुनरूद्धार किया जा रहा है।

## पेपर लीक मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा वर्ष 2020 के पेपर लीक मामले में वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वी के सिंह ने बताया कि फरार वांछित कमलेश कुमार मीणा निवासी गोविंदगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण को जयपुर के पानीपेच तिराहा जयपुर से गिरफ्तार किया गया।

# स्वास्थ्य कार्मिकों एवं रोगियों से संवाद कर जांची स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

■ वीडियो कॉल से संवाद कर प्रमुख शासन सचिव ने बालोतरा जिले में की शुरूआत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ बनाया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग निरंतर तकनीकी नवाचार कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने अभिनव पहल करते हुए चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल के माध्यम से सीधा औचक संवाद प्रारंभ किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस नवाचार की शुरूआत बालोतरा जिले के जसोल क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मूंगड़ा में वीडियो कॉल कर की। उन्होंने अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक, बारां जिले के अटरू, चूरू जिले के सरदार शहर, डीग जिले के नगर एवं ब्यावर जिले के जैतारण ब्लॉक के चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। राठौड़ ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संवाद कर उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राठौड़ ने लाभार्थियों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता के संबंध में फीडबैक भी लिया। आएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक भारती दीक्षित, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी, निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य निदेशक, अतिरिक्त निदेशक, परियोजना निदेशक, स्टेट नोडल ऑफिसर, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों सहित राज्य, संभाग एवं जिला स्तर के 100 से अधिक अधिकारियों ने दो घंटे में एक हजार से अधिक कॉल कर करीब 1 हजार चिकित्सा संस्थानों में सीधा संवाद किया।

## विद्युत प्रसारण निगम में 94 अभियन्ताओं को पदोन्नति

**जयपुर।** राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के आधार पर 94 सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) को पदोन्नत कर खाली पदों पर पदस्थापित किया गया है।

जिन अभियन्ताओं को अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) के पद पर पदोन्नत किया गया है, उनमें अमर दत्त व्यास, राजेन्द्र प्रसाद आर्य, जगदेव सिंह, मानसिंह, कृष्ण मीणा, रामावतार मीणा, जी.एस. मेघवाल, डेडा राम, एल. के. सालवी, डी.एस. नागर, चीमा राम चौधरी, सावर मल यादव, शिवराज चौधरी, अशोक कुमार शर्मा, दिलीप सैनी, दीपक कुमार शर्मा, सुनील कुमार यादव, सोहन लाल सैनी, मनोज कुमार सोनी, कुसुमलता चौहान, राजवीर सिंह, नरेश सैनी, राजेश कुमार, राजेश जैन, अशोक कुमार पाण्डे, आनन्द कुमार लामोरिया, अमर चन्द सैनी, एल. आर. सिरवी, संध्या चौहान, राजेश कुमार सवेता, महावीर सिंह, सुरेन्द्र कुमार, शैलेश सैनी, अभय कुन्तल, हरभजन सिंह, प्रेम प्रकाश, भारत भूषण शर्मा, अश्वनी कुमार, निर्मला गौड़, कृष्ण गोपाल, विजय बहादुर शामिल हैं।

## केन्द्र ने जयपुर के लिए पर्यटन की दो योजनाएं स्वीकृत की

**जयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा भेजी गयी क़रीब 145 करोड़ की दो बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को इस संदर्भ में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की थी। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री ने इन कार्यों की शीघ्र स्वीकृति का भरोसा दिलाया था।

केन्द्र सरकार ने विभिन्न पर्यटन केन्द्रों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए पूंजीगत व्यय की विशेष योजना के अंतर्गत आमेर और नाहरगढ़ के विकास के लिए 49.31 करोड़ और जल महल क्षेत्र के विकास के लिए 96.61 करोड़ रही परियोजना को मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट में जयपुर के चारदीवारी क्षेत्र के लिए 100 करोड़ की योजना की घोषणा की थी और उसके बाद से ही वे जल महल औऱ आमेर-नाहरगढ़ के विकास के लिए रोप-वे तथा अन्य योजनाओं की केन्द्र द्वारा स्वीकृति के लिए प्रयासरत थी।

दिया कुमारी ने केन्द्रीय वित्त मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल-इंजन की सरकार का पूरा लाभ राजस्थान को मिल रहा है। उन्होंने आशा जताई की केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे 145 करोड़ से अधिक के पूंजीगत व्यय से जयपुर में पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इन कार्यों के लिए राजस्थान पर्यटन विकास निगम को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जल महल और आमेर-नाहरगढ़ की विकास परियोजनाओं को पूंजीगत व्यय के रूप में स्वीकार करना, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों की सफलता है। पर्यटन में पूंजीगत व्यय के अलावा, नाहरगढ़-आमेर के विकास के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को रोप-वे योजनाओं के लिए भी प्रस्ताव भिजवाये गये है, जिनकी शीघ्र स्वीकृति के लिए दिया कुमारी ने बुधवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी।

जयपुर चारदीवारी क्षेत्र और आमेर-नाहरगढ़ के विकास कार्यों के लिए पुरातत्व और संग्रहालय विभाग की अनापत्ति प्राप्त की जा चुकी है वही जलमहल क्षेत्र के विकास कार्यों लिए वन विभाग तथा राजस्थान झील विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाणपत्र भी जारी हो चुका है।

## मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का दायरा बढ़ेगा

**जयपुर** । राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का सुदृढीकरण करने के साथ ही इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा। उपचार हेतु औषधियो का दायरा बढाने के उद्देश्य से तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को प्रबंध निदेशक आरएमएससीएल नेहा गिरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में आवश्यक दवा सूची में नवीन औषधियों को शामिल करने, पूर्व से उपलब्ध औषधियों की श्रेणी परिवर्तन किये जाने से संबंधित निर्णय लिये लिए गए। बैठक में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए जरूरी दवाओं को आवश्यक दवा सूची में शामिल करने पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित चिकित्सा एवं फार्मा विशेषज्ञों ने दवाओं की उपलब्धता, आवश्यकता, आपूर्ति आदि के बारे में सुझाव दिए। गिरि ने बताया कि बैठक में 390 औषधियों का परीक्षण कर किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में हुए निर्णयों के अनुरूप जल्द ही नवीन दवाओं को आवश्यक दवा सूची में शामिल किया जाएगा। इससे रोगियों को निकट के चिकित्सा संस्थान पर अधिक से अधिक औषधियां उपलब्ध हो सकेंगी।

# एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन ने एक करोड़ रु. की पार्किंग बिना किसी टैंडर चहेते ठेकेदार को सौंपी!

**सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग में कच्ची पर्चियों की आड़ में दुगुना पार्किंग शुल्क वसूल रहा ठेकेदार**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सवाई मानसिंह अस्पताल की भूमिगत पार्किंग का ठेका जे.बी.एम. कंपनी से वापस लेकर चहेती फर्म को सौंपने का बड़ा मामला सामने आया है। प्रतिवर्ष 1 करोड़ रु. का राजस्व देने वाली इस पार्किंग को अस्पताल प्रशासन ने बिना किसी टैंडर चहेती फर्म मैसर्स ऋतुराज एसोसिएट्स के संचालक बृजराज सिंह को सौंप दिया। यह ठेकेदार सवाई मानसिंह अस्पताल के नाम की कच्ची पर्चियों की आड़ में आमजन से दुगुना पार्किंग शुल्क वसूल रहा है। पूरा प्रकरण उजागर होने के बावजूद चिकित्सा विभाग के अफसरों की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है।



पार्किंग ठेकेदार बृजराज सिंह



पर्चियों पर अंकित 40 रु. शुल्क

■ पूर्व में अस्पताल की पार्किंग में जे.बी.एम. कंपनी द्वारा दुपहिया वाहनों से 10 रु. तथा चौपहिया वाहनों से 20 रु. शुल्क शुरूआती 10 घंटे के लिए लिया जाता था, अब नया ठेकेदार यह क्रमशः 20 और 40 रु. के हिसाब से राशि वसूल रहा है।

■ बड़ा सवाल यह है कि, जब एस.एम.एस. अस्पताल की पार्किंग की टैंडर प्रक्रिया पर हाईकोर्ट का स्टे है तो फिर आखिर चिकित्सा अधीक्षक ने आनन-फानन में जे.बी.एम. कंपनी से पार्किंग वापस लेकर बिना किसी टैंडर चहेते मैसर्स ऋतुराज एसोसिएट्स फर्म के संचालक बृजराज सिंह को क्यों सौंपा

■ बताया जा रहा है कि सवाई मानसिंह अस्पताल व धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग के ठेके से हॉस्पिटल प्रशासन को सालाना करीब 1 करोड़ रु. का राजस्व मिलता था, लेकिन अब यह राशि प्राइवेट ठेकेदार की जेब में जा रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग में इन दिनों दुपहिया वाहन चालकों से 20 रु. और चौपहिया वाहनों से 40 रु. का पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। जबकि पूर्व में यहां जिस जे.बी.एम. कंपनी के पास ठेका था, वह क्रमशः 10 रु. और 20 रु. शुरूआती 10 घंटे के लिए वसूलती थी।

सूत्रों की मानें तो सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग का संचालन इन दिनों मैसर्स ऋतुराज एसोसिएट्स फर्म के संचालक बृजराज सिंह द्वारा किया जा रहा है। गौर फरमाने वाली बात यह है कि, एस.एम.एस. अस्पताल की पार्किंग के टैंडर प्रक्रिया पर अदालत ने स्टे दे रखा है। गत 2 वर्षों से इस भूमिगत पार्किंग का संचालन जे.बी.जे. कंपनी कर रही थी। परंतु गत 21 नंवबर को सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने इस कंपनी को पत्र लिखकर यह कहते हुए ठेका निरस्त कर दिया कि, अब इस पार्किंग को एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन के स्तर पर संचालित किया जायेगा। अधीक्षक सुशील भाटी के इस पत्र के बाद 22 नवंबर को जे.बी.जे. कंपनी ने पार्किंग का जिम्मा अस्पताल प्रशासन को सौंप दिया।

मजेदार बात यह है कि हॉस्पिटल प्रशासन ने जे.बी.जे. कंपनी से यह पार्किंग लेते ही इसका संचालन अगले ही दिन प्राइवेट लोगों को सौंप दिया, अब यहां पर 10 व 20 रु. के शुल्क के बजाय 20 व 40 रु. की राशि वसूली जा रही है। ठेकेदार द्वारा लिए गए दुगुने शुल्क की कुछ पर्चियां गत 23 नवंबर को भी सामने आई थी। ऐसे ही पर्चियां 28 नवंबर को भी सामने आयी है, जिसमें चौपहिया वाहनों से 40 रु. का शुल्क लिया जा रहा है। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि पार्किंग शुल्क की "अवैध वसूली" का यह पूरा खेल सवाई मानसिंह अस्पताल के नाम पर कच्ची पर्चियों पर खेला जा रहा है।

जबकि सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने मरीजों और उनकी परिजनों के लिए वाहन पार्किंग शुल्क दुपहिया वाहनों के लिए 10 और चौपहिया वाहनों के लिए 20 रुपये शुरूआती 10 घंटों के लिए तय कर रखे हैं।

पिछले दिनों जब इस प्रकरण में एस.एम.एस. अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक सुशील भार्टी से बात की गई थी तो उन्होंने कहा था कि, पार्किंग का संचालन अस्पताल स्वयं कर रहा है, कुछ निजी लोगों को पार्किंग की व्यवस्था के लिए "हायर" किया है। परंतु 28 नवंबर को कुछ वीडियो सामने आए, जिनमें अस्पताल की भूमिगत पार्किंग का संचालन अन्य ठेकेदार बृजराज सिंह द्वारा करना सामने आया।

बृजराज सिंह की फर्म ऋतुराज एसोसिएट्स पूर्व में भी सवाई मानसिंह अस्पताल की धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग का संचालन कर चुकी है। यहां तक कि उनके द्वारा नगर निगम के सरकारी पार्किंगस्थल रामलीला मैदान का ठेका भी लिया गया था। ऐसे में सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर सीधा सवाल उठ रहा है कि, क्या उन्होंने दूसरे ठेकेदार को सालाना 1 करोड़ का राजस्व देने वाली पार्किंग का ठेका बिना किसी टैंडर सौंप दिया है।

हालात ऐसे हैं कि अस्पताल प्रशासन ने ना तो कम्प्यूटर जनित पर्चियों के लिए पॉस मशीनें दे रही है और ना ही निर्धारित शुल्क राशि के कोई बोर्ड पार्किंग स्थल पर लगा रखे हैं। इस वजह से आमजन को मजबूरन दुगुना शुल्क चुकाना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो सवाई मानसिंह अस्पताल की दोनों पार्किंग में प्रतिदिन करीब 500 चौपहिया और 1500 दुपहिया वाहन पार्क किए जाते हैं। इसमें से 300 चौपहिया और 500 दुपहिया वाहन अस्पताल प्रशासन के लिए निःशुल्क पार्किंग शामिल है। शेष वाहन मालिकों से प्रतिदिन करीब 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है।

सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने "प्राइवेट लोगों" को पार्किंग का संचालन तो सौंप दिया, लेकिन वह कितनी राशि अस्पताल प्रशासन को जमा करवाएंगे, यह तय नहीं किया है। जबकि इससे पहले जे.बी.जे. कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष करीब 1 करोड़ रु. अस्पताल प्रशासन को जमा करवाये जाते थे।

तीन वर्ष पूर्व यह दोनों ठेके 75 लाख रु. में इस कंपनी को दिए गए थे, सालाना 10 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ यह राशि बढ़कर 1 करोड़ रु. पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि शुरूआती 10 घंटे के लिए एसएमएस अस्पताल की इस पार्किंग में साईकिल के लिए पांच रु., बाइक-स्कूटर के लिए 10 रु. और चौपहिया वाहन के 20 रुपये तय है। इसके अलावा 24 घंटे के लिए साईकिल के लिए 10, बाइक-स्कूटर के लिए 20 और चौपहिया वाहन के लिए 40 रुपये तय है।

# ऐसी छवि बनाएं कि लोग याद करते रहें : देवनानी



विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सुरेश चन्द्र पारीक और जितेन्द्र सारवान को सेवानिवृत्त होने पर माला व साफा पहनाकर व शॉल ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट किये।

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि अपने कर्म, व्यवहार, पहल, निष्ठा और ईमानदारी से ऐसी छवि बनाएं कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी लोग याद करते रहें।

देवनानी ने यह बात गुरूवार को यहां विधान सभा में सहायक सचिव सुरेश चन्द्र पारीक और जितेन्द्र सारवान के सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह में कही। देवनानी ने दोनों अधिकारियों को माला व साफा पहनाकर व शॉल ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट किये। देवनानी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को तनाव नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय से पहले और भाग्य से ज्यादा नहीं मिल सकता है। लम्बी अवधि की राज्य सेवा की स्मृतियों को स्मरण करने का यह दिवस यादगार होता है। साथी कर्मियों और परिवारजन को मिलकर इस दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। देवनानी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद मानव सेवा का स्टार्टअप आरम्भ करें। जीवनभर सक्रिय बने रहने का प्रयास करें। अपने परिवारजन को विधानसभा, राजनैतिक आख्यान संग्रहालय और संविधान दीर्घा अवश्य दिखाएं। परिवारजन को भी यह महसूस होना चाहिए कि उनके परिवार का सदस्य राजस्थान विधानसभा जैसे गरिमामय स्थल पर काम कर रहा है। उनके लिए भी यह गौरव की बात होगी। इस अवसर पर विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, उप सचिव संजीव शर्मा, वित्तीय सलाहकार अपूर्व जोशी, अधिकारी संघ के अध्यक्ष लोकेश जैन और विधान सभा सहकारी साख समिति के अध्यक्ष रवि जैन सहित अन्य पदाधिकारी तथा विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## कुण्डली, हस्तरेखा और कर्म की त्रिवेणी का संगम बने ज्योतिषि : देवनानी

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि ज्योतिष विद्या भारत में ही उत्पन्न हुई और यहीं से सम्पूर्ण विश्व में इस विद्या का प्रचार- प्रसार हुआ है। यह विद्या अपने आप में शुद्ध गणित है। इसके अध्ययन के लिए अन्य देश के लोग भारतीय विद्वानों से सम्पर्क करते हैं। यह भारत के लिए गौरव है। देवनानी ने ज्योतिषियों का आव्हान किया है कि वे भारतीय सनातन संस्कृति के वाहक बने।

देवनानी गुरुवार को यहां नारायण सिंह सर्किल स्थित इन्द्रलोक सभागार में सर्वशक्तिमान अन्तरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने स्वस्ति वाचन के गुंजायमान के साथ दीप प्रज्जवलित कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। देवनानी ने गृह नक्षत्रों की चाल से सटिक भविष्यवाणी करने वाले ज्योतिषों को वंदन करते हुए कहा कि भारत में विकसित हुई गृह नक्षत्रों की गणना पद्धति से ब्राह्मण्ड की रीति-नीति के साथ पंचांग की रचना विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। भारत के शून्य के अविष्कारक आर्यभट्ट जैसे विद्वान के द्वारा आर्यभट्टीयम के माध्यम से गणना सिखाई तो प्रख्यात खगोलविद वराहमिहिर ने अपनी कृति सिद्धान्तपंचिका के माध्यम से कालगणना की विधि लोगों को सिखाई थी। इनके अलावा ब्रह्मगुप्त की कृति "ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त", अल्स का "शिष्यधीवृद्धि", श्रीपति का "सिद्धान्तशेखर", भास्कराचार्य का "सिद्धान्तशिरोमणि", गणेश का "ग्रहलाघव" तथा कमलाकर भट्ट का "सिद्धान्त-तत्व-विवेक" भारतीय ज्योतिष व गणित की असाधारण कृति हैं।


# पत्नी ने हथौड़े से की पति की हत्या, पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस थाना कलिंजरा ने ग्राम संग्रामपुरा में खेत पर पानी पिलाते हुए व्यक्ति की हत्या का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 25 नवंबर को गौतम पुत्र फुला निनामा निवासी संग्रामपुरा ने रिपोर्ट दी कि सुबह लगभग साढे तीन बजे उसका लडका जगदीश अपनी पत्नी सीमा के साथ खेत में पानी पिलाने के लिये गया हुआ था। लगभग साढे दस बजे सीमा घर आ गयी और जगदीश वहीं खेतों में

- **संग्रामपुरा में खेत पर पानी पिलाते व्यक्ति की हत्या का खुलासा**
- **परिवार के ही सदस्य से सीमा का चल रहा था प्रेम प्रसंग**

पानी पिला रहा था। उसका दूसरा लडका दिनेश चार बजे जगदीश को देखने गया तो पता चला कि जगदीश के सिर में गहरी चोट लगी है और सिर लहुलुहान था उसका शव खेत में खांट पर पडा था। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। घटना

**पुलिस थाना कलिंजरा की गिरफ्त में हत्यारी पत्नी और षड्यंत्र में शामिल प्रेमी।**

की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल एवं एमओबी टीम के साथ ही डॉग स्क्वॉड की सहायता ली गयी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा एएसपी राजेश भारद्वाज के निर्देशन व वृत्ताधिकारी संदीप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कलिंजरा की टीम गठित की गयी। इस टीम ने मृतक की पत्नी सीमा को केन्द्र में रखकर मुखबीरी तंत्र तथा मृतक के परिवार के लोगों से पूछताछ की वहीं साईबर सेल के सहयोग से तकनीकि साक्ष्यों का संकलन कर अनुसंधान किया वहीं सीमा से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गयी।

पुलिस टीम ने गहनता से अनुसंधान किया तो पता चला कि मृतक जगदीश की पत्नी सीमा का उसके परिवार के ही महेश पुत्र रमण से प्रेमप्रसंग था जिसके चलते सीमा ने जहरीली दवाई पीकर मरने का प्रयास भी किया था।

इधर जगदीश और उसकी पत्नी सीमा में इन संबंधों को लेकर विवाद होते रहते थे। जिसके चलते सीमा ने अपने प्रेमी महेश के साथ मिलकर जगदीश को रास्ते से हटाने की कईं बार योजना बनाई मगर एक ही परिवार के होने के कारण मौका नहीं मिल पा रहा था। घटना के दो दिन पहले जगदीश की हत्या की योजना बनाई और सीमा ने अपने प्रेमी महेश को गुजरात काम पर भेज दिया क्योंकि यदि महेश गांव में ही रहता तो उस पर हत्या का संदेह जाता।

योजना के मुताबिक सीमा अपने साथ हथौडी लेकर गयी और जब जगदीश थककर सो गया तो सीमा ने हथौडी से जगदीश के सिर पर पांच-छरू वार किये और जब उसे विश्वास हो गया कि जगदीश मर गया है तो वो घर पर आकर सो गयी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीमा के प्रेमी महेश को भी आपराधिक षड्यंत्र में शामिल पाया एवं उसे राजकोट से दस्तयाब कर पूछताछ कर हत्या के आपराधिक षड्यंत्र में गिरफ्तार किया वहीं घटना में प्रयुक्त हथौड एवं अन्य सामान सीमा की निशादेही से बरामद किया।

पुलिस टीम में थानाधिकारी विक्रम सिंह, सहायक उपनिरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह व बागीदौरा चौकी सहायक उपनिरीक्षक नानी, कलिजरा थाने के हेड कांस्टेबल विमल कुमार व भुवनेश कुमार, कांस्टेबल विजेता, अविनाश, अखिलेश, गेबीलाल, चालक कांस्टेबल संजयपाल सिंह, महिला कांस्टेबल रानु व पायल शामिल रही।

## पाठशाला स्कूल को मिला स्टार एजुकेशन अवॉर्ड 2024

**कानोड़, (निसं)।** शैक्षिणक उत्कृष्टता और नवीन शिक्षण विधियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने वाली एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, उदयपुर जिले के भींडर पाठशाला इनोवेटिव स्कूल को प्रतिष्ठित स्टार एजुकेशन अवार्ड्स 2024 में भींडर में सर्वश्रेष्ठ स्कूल के खिताब से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह ईएसएफई (एजुकेशन सोसाइटी फॉर फ्यूचर एक्सीलेंस) द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से मुंबई में आयोजित किया गया था। यह पुरस्कार स्कूल के निरंतर प्रयासों और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल के छात्रों और शिक्षकों में उत्साह का संचार किया है, बल्कि पूरे भींडर क्षेत्र में एक नई प्रेरणा भी प्रदान की है। स्कूल के निदेशक भव्येश गांधी ने पुरस्कार मिलने पर कहा कि यह हमारे पूरे स्कूल परिवार के लिए एक गर्व का क्षण है। हम हमेशा से बच्चों के समठा विकास के प्रति समर्पित रहे हैं। यह पुरस्कार हमारे प्रयासों की पहचान है और हमें और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। पाठशाला इनोवेटिव स्कूल ने पिछले वर्ष विभिन्न शैक्षिणक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक गतिविधियों और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिससे छात्रों के कौशल्य और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। इसके अलावा, स्कूल ने सामुदायिक सेवा में भी सक्रिय भागीदारी की।

## सार-समाचार

### पुलिया के नीचे मिला युवक का शव

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के घुघरा गांव में सडक किनारे पुलिया के नीचे एक व्यक्ति का शव मिलने सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान देवल खास निवासी शंकर पटेल के रूप में गई है। शंकर 6 माह पहले मजदूरी के लिए अहमदाबाद गया था। उसके बाद से घर नहीं लौटा था। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सदर थाने के एएसआई ने बताया की देवल खास निवासी हेमंत पटेल ने रिपोर्ट में बताया की उसका बडा भाई शंकर पटेल करीब 6 माह पहले मजदूरी के लिए गुजरात के अहमदाबाद गया था। उसके बाद से ना तो उससे फोन से बात हुई थी और ना ही वह घर आया था। आज गुरुवार को फोन के जरिये दोस्त से सूचना मिली की शंकर का शव घुघरा गांव के पास पुलिया के नीचे पडा हुआ है। जिस पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। शव को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों ने शंकर की हत्या कर शव फैंकने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खुदरा सब्जी व्यापार संघ की बैठक

**कपासन, (निसं)।** खुदरा सब्जी व्यापार संघ की बैठक बुधवार को सब्जी मंडी परिसर में आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नंदलाल माली को चुना गया। बुधवार को सायकाल सब्जी मंडी परिसर में खुदरा सब्जी व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें खुदरा व्यापार संघ की नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी खुदरा व्यापारीयों ने अध्यक्ष पद पर नंद लाल माली, उपाध्यक्ष गोपाललाल आचार्य, सचिव शंकर लाल माली, कोषाध्यक्ष हरलाल जटिया, ओर संगठन मंत्री तिलक आचार्य को सर्वसम्मति से चुना। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रतन सिंह रावत, होलसेल सब्जी व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेश आचार्य, उपाध्यक्ष चांदमल बारेगामा सहित खुदरा व्यापार संघ ओर होलसेल व्यापार संघ के सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान फूल माली समाज के वरिष्ठ सदस्य श्याम लाल माली, मदन लाल माली, सब्जी व्यापारी धनराज माली, सुरेश माली, प्यारचंद माली, अर्जुन, राजू माली, नंदलाल माली, रमेश माली, गोटू माली, नारायण माली, शराफत, खाजू मंसूरी, रतन माली, महिला व्यापारी सोनू माली, देऊ माली , बबली माली, अणछी माली, झमकू माली, सीमा माली, चांदी, मंजू, जमुना, गंगा माली, सुमन माली आदि मौजूद रहे।

### ए.डी.एम.गौतम का मनाया जन्मदिन

**मंडफिया, (निसं)।** श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया की बोर्ड बैठक मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की अध्यक्षता में एवं मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम की उपस्थिति में गोकुल विश्रांति ठाह में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं श्री सांवलिया जी मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम का जन्मदिन होने पर बोर्ड पदाधिकारी एवं मंदिर कर्मचारियों ने उन्हें उपरना ओढाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर कपासन प्रधान एवं मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल जाट, भेरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, संजय कुमार मंडोवरा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिव शंकर पारीक, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी, मनोहर लाल चौबीसा, लेहरी लाल गाडरी, बिहारीलाल गुर्जर, महावीर सिंह, श्रवण शर्मा सहित मंदिर के विभिन्न विभागों के प्रभारी उपस्थित थे।

### मंदिर में हुई चोरी के खुलासे की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के कनबा गांव में स्थित कष्ट भंजन हनुमान मंदिर में चोरी के मामले का 3 महीने बाद भी खुलासा नहीं हुआ है। मामले के जल्द खुलासे की मांग को लेकर मंदिर के पुजारी के साथ ग्रामीणों ने एसपी से मिलकर की और ज्ञापन सौंपा। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के कनबा गांव में 31 अगस्त की रात के समय चोरों ने कष्ट भंजन हनुमान मंदिर को अपना निशाना बनाया था। चोर मंदिर के दरवाजे के उपर के भाग में लगी हुई जाली को तोडकर अंदर घुसे थे। चोरों ने मंदिर में लगी मूर्ति पर लगे हुए चांदी के दो कडे, चांदी की दो छडी चांदी की हनुमान जी की छोटी मूर्तिए चांदी की चरण पादुकाएं और चांदी के बर्तन चुराकर ले गए थे। मंदिर के पुजारी ने मामला दर्ज करवाया था। वारदात के 3 महीने का समय बीतने के बाद भी अभी तक पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर पाई हैए जबकि मंदिर से कई लोगों की आस्था जुडी हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों ने आऋोश है। ग्रामीणों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

अनुसंधान अधिकारी विश्नोई का जिले में औचक निरीक्षण

### विद्यालयों का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर से अनुसंधान अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई द्वारा गुरुवार को जिले के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इसके तहत विश्नोई गुरुवार को डूंगरपुर ब्लॉक के पीईईओ सुरपुर अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीलवटा की प्रार्थना सभा में पहुंचे और विद्यालय की समस्त गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान वे प्रार्थना सभा का अवलोकन और उसमें कराई जाने वाली समस्त गतिविधियों में बालकों की प्रस्तुति पर अभिभूत हो गए। तत्पश्चात विद्यालय के सभी नवाचार एवं अपनाई जाने वाली शिक्षण विधाओं को देखकर उन्हें प्रेरणादायी बताया। उन्होंने शालादर्पण के तहत आधार, जनाधार, अपार आईडीए डोनेट टू स्कूल व वर्क बुक वितरण की शत प्रतिशत उपलब्धि पर स्टाफ की प्रशंसा की।

# डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच झगड़ा

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में द्वितीय वर्ष में पढने वाले विद्यार्थियों के बीच झगडा हो गया। स्टील की रोड और कडे से हमले में एक विद्यार्थी घायल हो गया। गंभीर हालत में विद्यार्थी को आईसीयू में भर्ती करवाया गया। विद्यार्थी के सिर में 4 टांके आए हैं।



**घायल मेडिकल कॉलेज छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया।**

डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आईसीयू में भर्ती एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के विद्याार्थी संजय कुमार सैन ने बताया कि कॉलेज के बाहर निजी हॉस्टल में रहता है। दो दिन पहले उसी के साथ द्वितीय वर्ष में पढने वाले विद्यार्थी ने उसे हॉस्टल में ही रुकने की धमकी दी। इसके बाद भावेश चौधरी अपने साथियों के साथ हॉस्टल में आया और हॉस्टल की छत पर चलने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इस पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की। सीनियर विद्यार्थी ने बीच बचाव कर छुडवाया। संजय ने बताया कि मारपीट की वजह से वह डर गया था। जिस वजह से वह कॉलेज जाने के बाद अपने ही दोस्त के साथ कॉलेज के हॉस्टल में रुक गया। मंगलवार रात करीब 11 बजे बाद बिजली गुल होने पर द्वितीय वर्ष के ही उसके साथी मोनिका चौधरी, तुषार चौधरी,रोहित चौधरी और धीरज चौधरी आए। उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके सिर पर स्टील की रोड और कडे से हमला किया। जिससे उसके सिर से खून बहने लगा और नीचे गिर पडा। हॉस्टल में रहने वाले दूसरे विद्यार्थी ने बीच बचाव कर छुडवाया। इसके बाद उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल में लेकर आए। आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया। सिर में चोंट लगने की वजह से उसके 4 टांके आए हैं। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बाल मुरुगन भी अस्पताल पहुंचे और विद्यार्थी की हालत के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थी ने घटना को लेकर अपने पिता को भी बताया। विद्यार्थी ने बताया कि उसके पिता के आने के बाद ही पुलिस में रिपोर्ट को लेकर कार्रवाई की जाएगी।

## कन्या महाविद्यालय राजसमंद खो-खो में उपविजेता बनी

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भावा पंचायत के डूमखेडा चौराया स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय ने खो-खो में छठी बार उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। प्राचार्य कुलदीप सिंह गहलोत ने बताया कि मोहनलाल सुखाडिया विश्व विद्यालय द्वारा आर्ट्स कॉलेज उदयपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता में स्थानीय महाविद्यालय ने छठी बार उपविजेता का खिताब जीता।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता में स्थानीय टीम प्रभारी सुनीता गोदारा एवं बाबूलाल कीर की मौजूदगी में पूरे प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रही। टीम में टीना मेवाडा, आशा अहीर, ललिता कुंवर, कविता कुंवर, दर्शना गाडरी, गुडिया कुंवर, ममता जाट, उर्मिला तेली, कविता कुंवर, मनीषा राणावत, पूजा सेन, भारती माली के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर महाविद्यालय में खुशी की लहर छा गई। इस अवसर पर डॉ मुकेश कुमार मेनारिया एवं चेनराम जोशी ने महिला खो-खो टीम के लिए हर्ष व्यक्त किया।

# वृद्धाश्रम का निरीक्षण



**मोही के वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल।**

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत गुरूवार को वृद्धाश्रम मोही का मासिक निरीक्षण किया गया।

अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत नालसा योजना 2016 (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक व विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी। साथ ही निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय कुल ०8 वृद्धजन उपस्थित मिले। वृद्धजनों को मीनू अनुसार समय पर भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, वृद्धजनों ने भोजन तथा अन्य सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। बिछोने के चद्दर व तकिये नियमित अंतराल में धुलवाने तथा बिस्तरों को धूप में रखने के निर्देश दिए। गृह में वृद्धजन पुरूषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरों की व्यवस्था है तथा वृद्धजनों के मनोरंजन के लिए गृह में टीवी लगी हुई है। एएनएम कुसुम रेगर ने वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना बताया।

## धरना प्रदर्शन आज

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर 29 नवम्बर को सम्पूर्ण राजसथान के सभी वृत मुख्यालयों पर निजीकरण के विरोध में एवं विद्युत निगमों ओपीएस लागू करने हेतु एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया है। इसीक्रम में डूॅगरपुर वृत मुख्यालय पर विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति डूॅगरपुर शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जायेगा।

# दुष्कर्म के आरोपी 24 घंटे में पकड़ा

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस थाना आंबापुरा ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रामरुप मीना ने बताया कि 26 नवंबर को थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह 14 नवंबर की रात्रि को लगभग 11 बजे घर के आंगन में सो रही थी और उसकी मां खेत में पानी पिलाने गयी तभी पडौसी आया और मुंह दबाकर उसके घर आंगन से खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने मुंह दबा दिया जिससे उसके नाखुन गालों पर लगे और खरोचे आयी। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं व पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने आरोपी को गिरफ्तार कर शीघ्र चालान पेश करने के निर्देश दिये।

# शिक्षक और पटवारी बनने की सोच बदलनी होगी : बामनिया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आज की युवा पीढी को अपनी सोच व्यापक करते हुए अपना लक्ष्य शिक्षक और पटवारी से ऊपर रखना होगा तभी जाकर समय के साथ आगे बढ सकते है। उक्त आव्हान पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक अर्जुन सिंह बामनिया ने राजकीय कन्या महाविद्यालय में फ्यूजन फाइनेंस कंपनी की ओर से 20 लाख की लागत से स्थापित 20 किलोवाट के सोलर पैनल के उद्घाटन कार्यक्रम में किया। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अनेको प्रयास किये और करोडों की लागत है कोटा, जयपुर, उदयपुर आदि स्थानों पर उच्च शिक्षा की व्यवस्थाएं

- **प्राचार्य डॉ. पंड्या ने सोलर पैनल सिस्टम की गतिविधियों के बारे में बताया**




**फ्यूजन फाइनेंस कंपनी की ओर से लगाये गये 20 किलोवाट के सौलर पेनल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते पूर्व राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया।**

की लेकिन यहां की छात्राएं बाहर निकलना नहीं चाहती।

उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन से कहा कि शीघ्र ही न्यूक्लियर पावर प्लांट प्रारंभ होने वाला है ऐसे में वहां की आवश्यकता के अनुरुप बालिकाओं का मार्गदर्शन करें। उन्होंने महाविद्यालय में बढती छात्राओं की संख्या को लेकर कहा कि महाविद्यालय के लिये उपयुक्त भूमि आवंटित कराने के लिये वे हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के असिस्टेंट वाइस प्रेजीडेंट संदीप श्रीवास्तव ने छात्राओं से कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ कुछ भी बनने का विचार रखें और जब वे कुछ बन जाये तो अपने विद्यालय, क्षेत्र की कमियों को दूर करने का प्रयास करें। ऐसा प्रयास ही सबसे बडा योगदान होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी ने राज्य में कार्य के दौरान बिजली की समस्या को महसूस किया ऐसे में सीएसआर मद से विद्युत क्षेत्र में कार्य करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी बेरोजगारों को भी मदद करेगी। उन्होंने बताया कि उनकी माता भी शिक्षिका थी इसी के चलते उनके मन में भी शिक्षा के क्षेत्र में कुछ करने का भाव जागृत हुआ। उन्होंने कहा कि शक्ति और सोच को सकारात्मक रखना होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी रोजगार और विकास के लिये समुदाय को स्वावलंबी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास कर रही है और अपने लाभ का 20 फीसदी हिस्सा सामाजिक कार्यों में लगाया जाता है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि श्री गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कल्याणमल सिंघाडा एवं व रीजनल मैनेजर उदयपुर प्रदीप पंचौरी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सर्वजीत दुबे, प्रो. शिप्रा राठौर, डॉ.रक्षा निनामा एवं प्रमिला पारगी ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सरला पंड्या ने सोलर पैनल सिस्टम की गतिविधियों के बारे में बताते हुए महाविद्यालय के लिए इसे उपयोगी बताते हुए कंपनी का आभार जताया।

## जागरूकता सत्र का आयोजन

**राजसमंद, (निसं)।** जन विकास संस्थान द्वारा गर्ल्स नॉट ब्राइड के सहयोग से 16 दिवसीय हिंसा प्रतिरोध पखवाडे के तहत श्री हीरालाल देवपुरा राजकीय महाविद्यालय आमेट में किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा व बाल विवाह विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता बार एसोसिएशन राजसमन्द अध्यक्ष सुशिल पाराशर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल विवाह को रोकने के लिए अधिकारी नियुक्त किए हुए है, जिनके द्वारा बाल विवाह की रोकथाम की जाती है और यदि घर वाले चुपके से शादी करवा देते है तो हम बाल विवाह को शून्य करवा सकते है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर कानूनी जानकारी देते हुए सजा के प्रावधानों व बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। पोक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक्ट बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है यह कानून 18 साल से कम उम्र के सभी बच्चों पर लागू होता है। अधिवक्ता सुरेशचन्द्र आमेटा ने बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तृत कानूनी जानकारी प्रदान की। राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य कैलाशचंद्र बुनकर ने बताया की बाल विवाह बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। हमें आसपास होने वाले बाल विवाह को रोकना चाहिए। भूपेन्द्रसिंह राजपुत ने 16 दिवसीय अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की।

# खुले नाले में गिरने से गाय की दर्दनाक मौत



**आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**मंडफिया, (निसं)।** भदेसर कस्बे के माली मोहल्ले में ग्राम पंचायत के द्वारा निर्मित खुले नाले में बुधवार दोपहर बाद एक गाय के गिर जाने एवं नाले के अंदर फस जाने के कारण गाय की दर्दनाक मौत हो गई।

गाय मालिक मुकेश कुमार माली ने बताया कि प्रतिदिन की भांति गाय को प्रात: खेत ले जाया गया था एवं दोपहर बाद गाय प्रतिदिन की भांति घर की तरफ आ रही थी तभी अज्ञात कारणों के चलते ठााम पंचायत के द्वारा निर्मित खुले नाले के अंदर गाय गिर गई एवं गाय उस नाले के अदंर बहुत ही बुरी तरह फंस गई थी। जानकारी मिलने पर अनेक ग्रामीण जन मौके पर एकत्रित हो गए परंतु उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। गाय को निकालने के लिए जेसीबी की मदद ली गई एवं नाले की एक तरफ की दीवार तोड़कर गाय को बाहर निकाला गया। जेसीबी की सहायता से गाय को बाहर निकाल रहे थे तभी गाय ने दम तोड़ दिया। कस्बे के ठाामीण लालचंद माली, तुलसीराम माली, बंसीधास कामड ने बताया कि इस खुले नाले में पूर्व में भी अनेक पशु गिरकर फस गए हैं एवं इससे पूर्व भी तीन पशुओं ने इस खुले नाले में फंसने के कारण अपना दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिली तो उनके मन में आक्रोश फैल गया। ग्राम वासियों के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा इस घटना की जानकारी सरपंच भदेसर, तहसीलदार शिव सिंह, भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे एवं भदेसर पंचायत समिति विकास अधिकारी को दी। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा इस घटना को लेकर भदेसर उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा। घटना की जानकारी मिलने पर प्रात: भदेसर तहसीलदार शिव सिंह एवं जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल को देखा तथा उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा की।



ऋषभ के लिए पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं रहा। हमारे लिए भी पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं था। मुझे लगता है कि हम तीनों (किरण गांधी, जिंदल और पंत) की सोच एक जैसी नहीं थी।''

- पार्थ जिंदल

दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक, ऋषभ पंत के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ मनु भाकर**



**भारत** की स्टार निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक्स 2024 की डबल मेडल विजेता मनु भाकर ने दोबारा ट्रेनिंग शुरू कर दी है। लेकिन उनके फैंस के लिए एक निराशाजक खबर है क्योंकि मनु अगले महीने होने वाली नेशनल चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होंगी। ये पेरिस ओलंपिक्स के बाद ऐसा दूसरा बड़ा टूर्नामेंट होगा, जिसमें मनु भाकर ने भाग लेने से इनकार कर दिया है। दरअसल, मनु भाकर के कोच जसपाल राणा का कहना है कि मनु भाकर नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगी। कोच के मुताबिक मनु को ट्रेनिंग में वापस आए उतना समय नहीं हुआ है।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच की एक पारी में सर्वाधिक 71 रन अतिरिक्त देने का रिकार्ड पाक के तेज गेंदबाजों के नाम है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 1987-88 के जार्जटाउन टैस्ट में यह रिकार्ड बनाया।

## रविन्द्र व आदित्य की घातक गेंदबाजी से शाईनिंग स्टार क्लब की आसान जीत

जयपुर, 28 नवंबर। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट एकेडमी ग्राउण्ड जगतपुरा में खेले गये मुकाबले में शाईनिंग स्टर क्लब ने आदित्य टांक 16 रन पर 3 विकेट, रविन्द्र खांची 21 रन पर 3 विकेट, हर्ष डांगी 27 रन पर 2 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत यूनियन क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया। टॉस जीतकर यूनियन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी की लेकिन शिवांजल अग्रवाल 36 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज शाईनिंग स्टार क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों आदित्य टांक 16 रन पर 3 विकेट, रविन्द्र खाची 21 रन पर 3 विकेट, हर्ष डांगी 27 रन पर 2 विकेट की घातक गेंदबाजी के समक्ष यूनियन क्रिकेट क्लब का कोई बल्लेबाज नही टीक सका और पूरी टीम 26 ओवर में मात्र 85 रन पर सिमट गयी। जवाबी पारी में शाईनिंग स्टार क्रिकेट क्लब के आदित्य शर्मा 42 रन।नाबाद, कृष्ण सुरेका 12 रन तथा विजय मीणा 10 रन के सहयोग से विजय लक्ष्य 16.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 87 रन बनाकर हासिल कर लिया और अपनी टीम को 7 विकेट से जीत दिला दी। इस मैच का मैन ऑफ द मैच रविन्द्र खींची 21 रन पर 3 विकेट।

## अखिल भारतीय एसबीआई इंटर सर्किल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2 से

जयपुर, 28 नवंबर। अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया इंटर सर्किल बैडमिन्टन टूर्नामेंट का आयोजन 2 से 5 दिसम्बर होगा। सर्किल वेलफेयर कमेटी के सचिव विनोद तंवर ने बताया की यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित बैडमिन्टन हॉल में होने वाली प्रतियोगिता में स्टेट बैंक की सभी 17 सर्किल टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। उन्होनें बताया कि टूर्नामेंट के दौरान पुरूष एवं महिला एकल, युगल और टीम इवेन्ट के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में करीब 175 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 02 दिसम्बर को सुबह होगा तथा समापन समारोह 05 दिसम्बर को होगा।

## प्रियुश हॉस्पिटल एवं माया आई हॉस्पिटल सेमीफाइनल में

जयपुर, 28 नवंबर। लीग आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि आज विभिन्न वर्गों में लीग मैच सम्पन्न हुए। किड्स वर्ग में लीग मैच की समाप्ति पर प्रियुश पैंथर्स, माया आई हॉस्पिटल मास्टर्स, कॉंकरिया फाइटर्स और ए ई आई आर सी सेमीफाइनल में पहुंचे। सेमीफाइनल मैच 30 नवंबर को खेले जाएंगे। प्रियुश पैंथर्स का मुकाबला माया आई हॉस्पिटल से और कॉंकरिया फाइटर्स का मुकाबला ए ई आर आई सी के बीच होगा। लीग कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि महिला वर्ग में खेले गए लीग मैचेज में स्पेक्ट्रा इमेजिंग ने पाथोस्कोप रेडर्स को 3-2 से हराया। शुभम डायग्नोस्टिक ने एक्सेल केअर को 3-2 से हराया। संभव डायग्नोस्टिक ने जे एफ एम आर सी को 4-1 से हराया। शुभम डायग्नोस्टिक ने जे एफ एम आर सी को 3-0 से हराया। संभव डायग्नोस्टिक ने एक्सेल केअर को भी 3-0 से हराया। लीग मैचेज की समाप्ति पर ग्रुप से प्रियंका हॉस्पिटल और स्पेक्ट्रा इमेजिंग तथा ग्रुप से शुभम केअर एवँ संभव डायग्नोस्टिक सेमीफाइनल में पहुँचे। सेमीफाइनल में प्रियंका हॉस्पिटल का मुकाबला संभव डायग्नोस्टिक से और स्पेक्ट्रा इमेजिंग का मुकाबला शुभम डायग्नोस्टिक से होगा। लीग कॉर्डिनेटर दिलीप गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में सोमानी हॉस्पिटल ने अग्रवाल हॉस्पिटल पर 2-1 से जीत हासिल की। वरिष्ठ वर्ग में समाप्त हुए लीग मैचेज की समाप्ति के बाद ग्रुप से रावत आई हॉस्पिटल एवँ जयपुर न्यूक्लियर इमेजिंग, ग्रुप से एच सी जी हॉस्पिटल एवँ कैन्सर केअर क्लीनिक, ग्रुप से मेडिस्पा रॉयल्स एवँ यूरोशूटर्स तथा ग्रुप से फ्लो केअर डायग्नोस्टिक एवँ एन एच बी एच क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। क्वार्टर फाइनल मुकाबले 29 को खेले जायेंगे।

# टीम इंडिया से मिले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री, कोहली के पर्थ टेस्ट शतक की तारीफ की



कैनबरा, 28 नवम्बर। टीम इंडिया मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। वहीं इसका पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जा चुका है जिसे भारत ने जीत लिया। वहीं दोनों टीमों के बीच 6 दिसंबर से दूसरा मैच खेला जाएगा लेकिन इससे पहले टीमें पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी करेंगी। फिलहाल, टीम इंडिया कैनबरा पहुंची और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज से मिली।

जहां ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने विराट कोहली की तारीफ की।इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ की और उनसे काफी बातचीत की। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पीएम एंथोनी अल्बानीज भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ियों से मिल रहे हैं। इस दौरान विराट और अल्बानीज के बीच जो बातचीत हुई वह काफी मजेदार थी।


अल्बानीज ने विराट को देखा तो उनसे हाथ मिलाया और हाल चाल पूछआ। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले कि, पर्थ में आपने शानदार सेंचुरी जड़ी। मानो उस समय हम पर्याप्त कष्ट नहीं झेल रहे थे। ये वाकई में शानदार था। इस पर विराट कहते हैं कि आप इसमें मसाला लगा रहे हैं। कोहली ने पर्थ में अपने टेस्ट करियर की 30वीं सेंचुरी ठोकी और इंटरनेशनल क्रिकेट में 81वां शतक जड़ा। वहीं प्रोफेशनल क्रिकेट में उनके शतकों की संख्या 100 हो चुकी है। वे दूसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने ये मुकाम प्रतिस्पर्धा क्रिकेट में हासिल किया है। सचिन तेंदुलकर एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने प्रोफेशनल क्रिकेट में 100 से ज्यादा शतक जड़े हैं।

### पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी का बयान

## भारत में खेले पाकिस्तान टीम लेकिन भारत पाक में खेलने से इंकार करे, यह मंजूर नहीं

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। पाकिस्तान में हालात ठीक नहीं है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अकड़ कम होने ना नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 2025 आईसीसी चैंपियंसन ट्रॉफी की मेजबानी के लिए पाकिस्तान के अडिग रुख पर जोर दिया।

उन्होंने भारत की तुलना में अपनी टीम के निष्पक्ष व्यवहार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये बात स्वीकार नहीं है कि पाकिस्तान की टीम भारत जाए और भारतीय टीम पाकिस्तान ना आए।लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वहां की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मोहसिन नकवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वहीं पाकिस्तान की टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए 2016 में और वनडे वर्ल्ड कप के लिए 2023 में भारत आ चुकी है लेकिन भारत ने पिछले करीब 15 साल में एक



भी दौरा पाकिस्तान का नहीं किया है।

मोहसिन नकवी ने कहा कि स्वीकार्य नहीं है कि पाकिस्तान भारत में खेले, लेकिन भारत पाकिस्तान में खेलने से इनकार करे। उन्होंने कहा कि, हमारा स्टांस क्लियर है मैं वादा करता हूं कि हम पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा काम करेंगे। मैं लगातार आईसीसी चैयरमैन के संपर्क में हूं और मेरी टीम उनसे लगातार बात कर रही है। हम अभी भी अपने रुख में स्पष्ट हैं कि ये स्वीकार्य नहीं है कि हम भारत में क्रिकेट खेलें और वे यहां क्रिकेट ना खेलें। जो भी होगा, समानता के आधार पर होगा। हमने आईसीसी को बहुत स्पष्ट रूप से बता दिया है कि और आगे जो भी होगा हम आपको बताएंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी और मार्च में आयोजित की जाएगी। पाकिस्तान के तीन शहरों में इसका आयोजन होना है जिसमें लाहौर, कराची और रावलपिंडी को मेजबानी के लिए तैयार किया जा रहा है। वहीं भारत ने हाल ही में आईसीसी से कहा है कि पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकता। साथ ही भारत के मैचों को लेकर शेड्यूल विवाद के चलते आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अहम कार्यक्रम भी कैंसिल कर दिया, जो पाकिस्तान में होना था। भारत चाहता है कि वह अपने मैच यूएई में खेले और एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में आयोजित हो।

## राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के 17 खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

जयपुर, 28 नवम्बर। जम्मू कश्मीर में जम्मू यूनिवर्सिटी जिम्नेजियम हॉल में 24 से 26 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय जूनियर ग्रैपलिंग चैंपियनशिप आयोजित हुई जिसमें राजस्थान से 26 खिलाड़ियों ने ग्रैपलिंग प्रतियोगता में भाग लिया।

ग्रैपलिंग एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत व सचिव महेश कायथ ने बताया कि राजस्थान के खिलाड़ियों ने गी और नोगि दोनों इवेंट में 17 गोल्ड मेडल 8 सिल्वर मेडल और 10 ब्रोंज मेडल जीत कर राज्य का नाम रोशन किया है ।

**स्वर्ण पदक विजेता :** ज्योति चौधरी, आरुषि शर्मा, अंकित शर्मा, मानस, पुष्पेन्द्र सिंह, वैष्णवी, अरुण स्वामी, काव्या, अमित, पूजा, बजरंग, साहिल, धीरज, ने स्वर्ण पदक जीते। राजस्थान टीम के कोच सुनीत कुमार और टीम मैनेजर जितेंद्र कुमावत रहे। खिलाड़ियों को मुख्य संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा, ग्रैपलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट महेश कायथ और एसोसिएशन के पदाधिकारीयो ने मेडल जीतकर आने पर सम्मानित किया।

## पाकिस्तान के कारण आईसीसी को होगा बड़ा नुकसान, चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर होगी मीटिंग

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर अभी बीसीसीआई बनाम पीसीबी का पेंच सुलझा भी नहीं है कि, पाकिस्तान के कारण अब आईसीसी को बड़ा नुकसान होने वाला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सुनिश्चित करना होता है कि टूर्नामेंट शुरू होने से 90 दिन पहले तक भाग ले रहे सभी देशों के क्रिकेट बोड्र्स को शेड्यूल भेजा दिया जाए। लेकिन भारत और पाकिस्तान के टकराव के बीच एख नया अपडेट सामने आया है कि शेड्यूल में हो रही देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के ब्रॉडकास्टर्स को भारी नुकसान उठान पड़ सकता है। शेड्यूल जारी करने की डेडलाइन निकल चुकी है। इस कारण प्रसारणकर्ता डिजनी और जियो को भारी नुकसान झेलने की नौबत आ गई है। चूंकि अब तक चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल सामने नहीं आया है इसलिए ब्रॉडकास्टर्स भी इस आगामी आईसीसी टूर्नामेंट का फायदा उठाने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई पड़ रहे हैं। कमर्शियल मुद्दों पर आईसीसी ने अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इतना जरूर है कि इससे मेजबान पाकिस्तान और खासतौर पर ब्रॉडकास्टर्स नुकसान झेलने की ओर अग्रसर हैं। इसी रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि ब्रॉडकास्टर्स भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने के फैसले का विरोध कर रहे हैं। लेकिन ये भी ध्यान रखना होगा कि दोनों देशों को अलग-अलग ग्रुप में रखने से पाकिस्तान अपने सारे मैच अपने देश में खेल सकता है। वहीं भारत के मुकाबले दूसरे देश में करवाए जा सकते हैं। दोनों को एक ही ग्रुप में रखा जाता है तो ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी कि किसी एक को दूसरे के सामने झुकना ही पड़ेगा।

## यामल ने जीता वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय पुरस्कार

रोम, 28 नवंबर। बार्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता है। ट्ययूरिन स्थित मीडिया आउटलेट टुट्टोस्पोर्ट ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2003 से शुरू हुए गोल्डन बॉय पुरस्कार से यूरोप में 21 वर्ष या उससे कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाता है। इससे पहले बार्सा फेमिनी स्टार विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता। अन्य पिछले विजेताओं में एरलिंग हालैंड, किलियन म्बाप्पे और लियोनेल मेस्सी शामिल हैं। यामन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं। यामल ने इस सत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है तथा ला लीगा में शीर्ष पर चल रही टीम बार्सिलोना के लिए 12 लीग मैचों में पांच गोल दागे हैं। बार्सिलोना की 18 वर्षीय आक्रामक मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये उमा छेत्री को टीम में किया शामिल

मुंबई, 28 नवंबर। अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले जाने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में उमा छेत्री को जगह दी गई है। 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज छेत्री ने जुलाई में भारत के लिए पदार्पण किया था और अब तक चार टी-20 मैच खेल चुकी हैं। अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चाटिल यस्तिका भाटिया की जगह पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई का चिकित्सा दल भाटिया की रिकवरी पर नजर बनाये हुये है।

## पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 99 रनों से हराया और सीरीज जीती

बुलावायो, 28 नवंबर। कामरान गुलाम (103) की शतकीय और अब्दुल्लाह शफीक (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 99 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलॉर्ड गंबी (पांच) और डिओन मेयर्स (चार) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान क्रेग एर्विन ने टीम के लिये सर्वाधिक (51) रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। तड़िवनाशे मारुमानी (24), शॉन विलियम्स (24), सिकंदर रजा (16), क्लाइव मडांडे (20), फराज अकरम (5) और रिचर्ड



एन्गारावा (17) रन बनाकर आउट हुये। ब्रायन बेनेट ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाकर (37) रनों की तूफानी पारी खेली। जिम्बाब्वे की पूरी टीम 40.1 ओवर में 204 के स्कोर पर सिमट गई।

## पिंक बॉल टेस्ट में ब्यू वेबस्टर की हुई ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री

एडिलेड, 28 नवम्बर। एडिलेड में होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम में ब्यू वेबस्टर की एंट्री हुई है। दरअसल, मौजूदा



ऑलराउंडर मिचेल मार्श की फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण ऑस्ट्रेलिया ने वेबस्टर को टीम में शामिल किया है। तस्मानियाई खिलाड़ी को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, इससे पहले टीम के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने दावा किया था कि मेजबान टीम 6 दिसंबर से शुरू होने वाले डे-नाइट टेस्ट के लिए 13 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं करेगी। 33 साल के मिचेल मार्श को पर्थ में सीरीज के पहले मैच के बाद चोट लगी थी। उन्होंने ऑप्टस स्टेडियम में 17 ओवर फेंके थे। पर्थ टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया था। तस्मानिया के होबार्ट में एक दिसंबर 1993 में जन्में ब्यू वेबस्टर का घरेलू क्रिकेट में रिकॉर्ड बेहतरीन है। उन्होंने अब तक 93 फर्स्ट क्लास, 54 लिस्ट ए और 89 टी20 मैच खेले हैं।



## श्रीलंका ने द. अफ्रीका को 191 रन पर समेटा

डरबन, 28 नवंबर। लाहिरू कुमारा और असिता फर्नांडो (तीन-तीन) विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका को 191 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने कल के चार विकेट पर 80 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि लाहिरू कुमारा ने काइल वेरेन (9) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 85 के स्कोर पर वियान मुल्डर (नाबाद 9) रन पर रिटायर्ड हो गये। मार्का यानसन (13), गेराल्ड कोएत्जी (एक) रन बनाकर आउट हुये। उस समय टीम का स्कोर सात विकेट पर 117 रन था। ऐसे संकट के समय केशव महाराज ने कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

केशव महाराज ने 35 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुये (35) रनों की पारी खेली। नौवें विकेट के रूप में टेम्बा बावुमा को असिता फर्नांडो ने आउट किया। टेम्बा बावुमा ने 117 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (70) रनों की पारी खेली और अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा। कगिसो रबाडा (15) रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 49.4 ओवर में 191 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर लाहिरू कुमार और असिथा फर्नांडो ने तीन-तीन विकेट लिये। विश्वा फर्नांडो और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## डी गुकेश का बेहतरीन प्रदर्शन, लिरेन को मात देकर जीती तीसरी बाजी



नई दिल्ली, 28 नवम्बर। भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में एक दिन के विश्राम के बाद शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा। 18 वर्षीय गुकेश विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार हैं और वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनने की कोशिश कर रहे हैं। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है।

## पिंक सिटी में हुई पिंक बॉल वाले वर्ल्ड टेनिस बॉल प्रीमियर लीग टी-10 की लॉचिंग




जयपुर, 28 नवंबर। टेनिस बॉल क्रिकेट के नए युग की शुरुआत करते हुए विश्व टेनिस बॉल प्रीमियर लीग (डब्ल्यूटीपीएल) टी10 को आधिकारिक तौर पर गुरुवार को जयपुर मैरियट होटल में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया। 60 बॉल वाले इस टूर्नामेंट में 10 टीमें एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती नजर आएंगी। डब्ल्यूटीपीएल का मुख्य उद्देश्य टेनिस बॉल क्रिकेट में क्रांति लाने के साथ ही 60 शहरों में ट्रायल के माध्यम से देश भर में शीर्ष प्रतिभाओं की खोज करना है।

डब्ल्यूटीपीएल लॉन्च इवेंट में संजय नाइक (उपाध्यक्ष, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन), आकाश चोपड़ा (पूर्व क्रिकेटर और प्रसिद्ध कमेंटेटर), निखिल चोपड़ा (पूर्व क्रिकेटर और प्रसिद्ध कमेंटेटर), पूर्व भारतीय क्रिकेटर परविंदर अवाना, अनिल चौधरी (अंतर्राष्ट्रीय अंपायर और प्रसिद्ध कमेंटेटर), और जयवीर शाह (आयुक्त, सौराष्ट्र प्रीमियर लीग) जैसे कई दिग्गज उपस्थित रहे। डब्ल्यूटीपीएल टी10 की स्थापना टेनिस बाल क्रिकेट को एक नए नजरिए से देखने वाले एक प्रतिष्ठित उद्यमी गौरव सचदेवा, दवा, रियल एस्टेट और निर्यात में 18 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता रखने वाले वाले उद्यमी रोहित बावरी व क्रिकेट में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रॉबिन चौधरी ने मिलकर की है। मैदान पर लोगों को अपनी कमेंट्री का कायल बना देने वाले आकाश चोपड़ा ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, ''टेनिस बॉल क्रिकेट में ऐसे सुपरस्टार मौजूद हैं जो आपको आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनमें प्रतिभा का ऐसा भंडार है कि यदि आप उन बच्चों को पेशेवर क्रिकेटरों के सामने मूल क्रिकेट गेंद से भी खिलाएं तो वे उन्हें भी हराने का दम खम रखते हैं। क्रिकेट का विकास होना चाहिए और टेनिस बॉल क्रिकेट हर किसी को अवसर प्रदान करता है।''

लीग की मेजबानी अस्थायी रूप से मई-जून 2025 में सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में की जाएगी, जिसमें 10 टीमें शामिल होंगी, जिनके नाम क्रमश: इस प्रकार हैं राजस्थान किंग्स, बॉम्बे बुलेट्स, दिल्ली डायनामोज, हरियाणा स्टैलियन्स, पंजाब रॉयल्स, चेन्नई स्ट्राइकर्स, कोलकाता वॉरियर्स, पुणे फाल्कन्स, गुजरात जगुआर, और यूपी थंडरबोल्ट। इस टूर्नामेंट में 25 लीग मुकाबले, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल सहित कुल 28 मैच खेले जाएंगे। मैचों का टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए अधिकतम दृश्यता सुनिश्चित हो सके। आयोजकों ने भविष्य में अपने महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण का भी खुलासा किया, जिसमें टेनिस बॉल क्रिकेट के साथ एशिया कप की मेजबानी और भारत और पाकिस्तान के बीच एक संभावित द्विपक्षीय श्रृंखला कराने की योजना भी शामिल है।

### भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी अभिषेक का बयान

## पढ़ाई से बचने के लिए उठाई हॉकी

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता फारवर्ड अभिषेक ने पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया था लेकिन उन्हें इस फैसले पर कभी पछतावा नहीं हुआ क्योंकि इस खेल ने उन्हें पहचान, 'स्टारडम' और वह सब कुछ दिया जो वह जिंदगी में पाना चाहते थे। अभिषेक ने हालांकि पत्राचार के माध्यम से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इस खिलाड़ी को पता था कि हमेशा से पता था कि खेल से उन्हें बेहतर उद्देश्य मिलेगा।

पेरिस ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक जीतने के अभियान में अहम योगदान निभाने वाले अभिषेक ने 'पीटीआई-भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, ''मैंने 11 या 12 साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया था।सोनीपत में इसके अलावा मेरे पास कोई और विकल्प नहीं था।'' उन्होंने कहा, '' मेरा एक दोस्त हॉकी खेलने के लिए काफी यात्रा करता था। मुझमें कभी पढ़ाई करने का धैर्य नहीं था और जब मैंने देखा कि मेरे दोस्त को हॉकी में व्यस्त होने के कारण स्कूल कम आना होता है, तो मैंने सोचा कि अगर मैं भी हॉकी खेलना शुरू कर दूं तो मैं भी ऐसा ही कर सकता हूं।''

हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के इस सदस्य ने कहा कि वह पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो और उनके काम करने के तरीके के बड़े प्रशंसक है। उन्होंने कहा, ''मैं रोनाल्डो का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उनके मैदान के बाहर की दिनचर्या, उनका अनुशासन, खान-पान की आदतें... मैं उनके वीडियो देखता हूं और उन्हें (आदतों को) अपनी दिनचर्या में शामिल करने की कोशिश करता हूं।'' अभिषेक ने कहा कि उनका लक्ष्य हॉकी स्वर्ण पदक जीतना है। उन्होंने कहा,''मेरा लक्ष्य भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को पुनर्जीवित करना है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम खेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले व समापन समारोह आज



जयपुर, 28 नवम्बर। भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता के एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं सम्पन्न हुई ।जिनके परिणाम इस प्रकार रहे।हेमर थ्रो पुरुष वर्ग मे जां नाम सार अख्तर ने 58.33 मीटर फैक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग मे सोनम ने 55.20 मीटर फेक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।भाला फेक प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे जितेन्द्र सिह ने 58.30 मीटर व महिला वर्ग मे सहेजानी ने 44.30 मीटर भाला फेक कर खिताब अपने नाम किया। लम्बी कूद की महिला वर्ग की प्रतियोगिता मे 5.10 मीटर की छलांग लगाकर जोयलिन लोबो प्रथम व अनुमारिया जोन्स द्वितीय स्थान पर रही।400 मीटर दौड महिला वर्ग मे नीतू मैथ्यू प्रथम रही।

बालिवाल प्रतियोगिता मे साउथ सेनट्रल जोन व साउथ जोन ने अपने अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीत कर फाइनल मे प्रवेश किया।फाइनल कल होगा। शतरंज मे आठ चक्र के बाद पुरुष वर्ग मे नार्थ सेन्ट्रल जोन के दिनेश कुमार शर्मा सात अंको के साथ शीर्ष पर है और ग्रांड मास्टर श्रीराम झा दूसरे स्थान पर है।महिला वर्ग मे आठ चक्र के बाद ग्रांड मास्टर स्वाति धाटे व किरण मनीषा मोहन्ती 7.5 अंक बना कर बराबर है।

टेबल टेनिस के महिला क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे पराजक्ता टिपाले (वेस्ट जोन) ने वी ज्योतस्ना साउस सेन्ट्रल जोन को 3-0 व अनुमिता तरफदार (पूर्वी क्षेत्र) ने एस वी मोगरे (प. क्षेत्र) को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया।दूसरे मुकाबले मे उरुणमयी मात्रे (प.क्षेत्र) ने रिपुदमा को 3-0 से व सीमोन दासतानी (साउथ सेन्ट्रल जोन) ने आर गीता को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाइ।

पुरुष क्वार्टर फाइनल मे सौगत सरकार ने दिलीप सैन को 3-0 व रवी जोशी ने आर राजेश को 3-2 से पराग अग्रवाल ने विनय को 3-1 से व रोहित चक्रवर्ती ने जबरजीत सिह को 3-0 से हराकर कर सेमी फाइनल मे प्रवेश किया सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले कल होगे।

# मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक समिट की तैयारियाँ देखीं

## उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम, अतिथियों की बैठक व्यवस्था आदि पर अन्तिम निर्देश दिये

जयपुर, 28 नवम्बर। प्रदेश में आगामी 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाले ''राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट'' के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस कड़ी में स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को समिट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बस में बैठकर जयपुर शहर का दौरा किया।

- **प्रमुख सचिव उद्योग व वाणिज्य, अजिताभ शर्मा ने राइज़िंग राजस्थान की समस्त तैयारियों की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को विस्तृत जानकारी दी। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत तथा कई वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री के दौरे में उनके साथ थे।**
- **समिट के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था देखने के लिए मुख्यमंत्री जयमहल होटल भी गये।**

मुख्यमंत्री ने जयपुर एयरपोर्ट से आयोजन स्थल, जयपुर एग्ज़िबिशन एंड कन्वेन्शन सेंटर (जे.ई.सी.सी.) तक विभिन्न तैयारियों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को समिट के ऐतिहासिक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शर्मा ने इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है। राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं तथा यह आयोजन राज्य की औद्योगिक दिशा को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे। ऐसे में राज्य सरकार तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को पूरा करने में मिशन मोड में लगी हुई है।

मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल जे.ई.सी.सी. में उद्घाटन सत्र के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों, अतिथियों की बैठक व्यवस्था तथा अन्य तैयारियों के विषय में जानकारी लेते हुए, अधिकारियों को तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री समिट के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए जयमहल पैलेस भी गए। मुख्यमंत्री को प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य, अजिताभ शर्मा ने समिट की तैयारियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

इस दौरान, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जयपुर शहर का दौरा किया और अधिकारियों को समिट के ऐतिहासिक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

## दिल्ली के मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

नयी दिल्ली, 28 नवंबर। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनमोहन को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की गुरुवार को सिफारिश की।

शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कॉलेजियम की 28 नवंबर को हुई बैठक में न्यायमूर्ति मनमोहन का नाम सर्वसम्मति से चुना गया। न्यायमूर्ति मनमोहन को 13 मार्च, 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वे 29 सितंबर, 2024 से उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे हैं।

चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम की ओर से एक बयान में उल्लेख किया गया है कि न्यायमूर्ति मनमोहन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता में क्रम संख्या दो पर हैं। इसके साथ ही, वे दिल्ली उच्च न्यायालय में सबसे वरिष्ठ हैं।

# उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट पर आयकर के छापे

## आयकर विभाग ने उदयपुर, बांसवाडा, जयपुर, मुम्बई तथा गुजरात में 23 ठिकानों पर एक साथ कार्यवाही की

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर में गुरूवार को इनकम टैक्स की कार्यवाही से हड़कंप मच गया। उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक कंपनी के उदयपुर शहर सहित कुल 23 ठिकानों पर गुरूवार को अलसुबह कार्यवाही शुरू हुई। इस कार्यवाही के लिए टीमें सुबह पांच बजे ठिकानों पर पहुंच गई थीं। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने उदयपुर में उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट, इनसे जुड़े सिरोया ग्रुप के विजेन्द्र सिरोया और इनकी कंपनियों सहित, तीन प्रतिष्ठानों पर आयकर कार्रवाई की है।

आयकर विभाग ने गुरुवार सुबह उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट लॉजिस्टिक के उदयपुर, बांसवाडा, जयपुर सहित मुंबई और गुजरात स्थित कार्यालय, उदयपुर के घर सहित 23 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की, वहीं, इनसे कनेक्टेड पॉलीटेक्स एंड मार्बल व्यापारी विजेन्द्र सिरोया की कंपनियों के कार्यालय सहित, अन्य ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किया है। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा दिये गये डोनेशन के चलते उदयपुर का एक बड़ा एन.जी.ओ. भी जांच के दायरे में आ गया है।

- **उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट के टीकम सिंह राव पर अवैध माल परिवहन के आरोप हैं।**

आयकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर गोल्डन लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट के मालिक टीकम सिंह राव हैं। इनके पुत्र गगन सिंह राव किंग सेना अध्यक्ष हैं। वहीं, सिरोया पॉली प्लास्ट और सिरोया सीमेंट एंड कैमिकल इंडस्ट्री के मालिक विजेन्द्र सिरोया हैं। आयकर विभाग की टीमों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान कई दस्तावेज जुटाए हैं। करोड़ों की अघोषित संपत्ति का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। आयकर कार्रवाई जारी है, हालांकि अब तक आयकर विभाग ने यह खुलासा नहीं किया है कि कितनी अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ है।

प्राप्त जानकारी अनुसार, उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट के टीकम सिंह राव पर अवैध ट्रांसपोर्टेशन का आरोप है। आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, अवैध माल परिवहन की शिकायत मिलने के बाद सत्यापन कराया गया था। टीम ने मौके पर पहुंच कर कंपनी के काम के तरीके की जांच की। इसमें गड़बड़ी मिली। मामला सही पाए जाने पर टीम ने रेड की तैयारी की। इसके बाद गुरूवार को इनकम टैक्स विभाग की ओर से राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में एक साथ कार्यवाही शुरू की गई। उदयपुर में 16 ठिकानों के साथ गुजरात में 2, मुंबई में एक, बांसवाडा में तीन और जयपुर में एक टीम ने जांच की। इस कार्यवाही में 150 से ज्यादा लोग टीम में शामिल हैं।

आयकर विभाग की टीमों ने उदयपुर में कुल 16 जगहों पर एक साथ कार्यवाही को अंजाम दिया। इसमें उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट के कार्यालय के साथ गोदाम व टीकम सिंह राव का निवास शामिल हैं। आयकर विभाग की टीमें एक साथ सभी जगहों पर पहुंचीं। इसमें सेक्टर 13 स्थित उनके निवास के साथ कुल तीन घरों में सर्च अभियान चलाया गया।

इसके अलावा उदियपोल स्थित कार्यालय के साथ मावली रोड पर बने एक रिसोर्ट में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इधर, बांसवाडा के कॉमर्शियल कॉलोनी स्थित ऑफिस में भी टीम पहुंची है। इस ऑफिस से संबंधित काम भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव देखते हैं। गोविंद सिंह राव का मुख्य व्यवसाय ट्रांसपोर्ट का है। उधर, रेड से संबंधित जानकारी देने से आयकर विभाग के अधिकारी बचते नजर आए।

## सी.एस. को तलब कर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिए। अदालत ने कहा कि एकलपीठ ने मामले को जनहित याचिका की तरह से देखते हुए आदेश जारी कर दिए और सरकार पर एक लाख रुपए का हर्जाना भी लगा दिया।

अपील में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि एकलपीठ के समक्ष आर.एस.आर.टी.सी. के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिसकी राज्य सरकार पक्षकार भी नहीं थी। इसके बावजूद, एकलपीठ ने न केवल मामले में मुख्य सचिव को तलब किया, बल्कि 2015 के एक आदेश का हवाला देते हुए, सरकार पर एक लाख रुपए का हर्जाना भी लगा दिया।

ऐसे में एकलपीठ के आदेश को रद्द किया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी। दूसरी ओर, राज्य सरकार की ओर से एकलपीठ के समक्ष खंडपीठ के आदेश की जानकारी दी गई। इस पर एकलपीठ ने मामले की सुनवाई आठ सप्ताह के लिए टाल दी।

# सी.एम. का पहला संकल्पः उद्घाटन समारोह सौर ऊर्जा से

जयपुर, 28 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 9-11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान समिट'' के माध्यम से राज्य में औद्योगिक परिदृश्य को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आर्थिक उन्नति के संकल्प को पूरा करने के लिए जी जान से जुटी हुई है। इसी कड़ी में, हम राइजिंग राजस्थान के सफल आयोजन के लिए आगामी 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नया संकल्प लेंगे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अगले 10 दिन, राइज़िंग राजस्थान के सफल आयोजन के लिए रोज नया संकल्प लेंगे।**

शर्मा ने पहला संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन दिवस पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होगा।

उन्होंने कहा कि यह समिट सूरज की ताकत से प्रदेश के विकास में नया सवेरा लाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि प्रदेश में निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। राज्य सरकार की अनुकूल निवेश नीतियों से, राजस्थान अक्षय ऊर्जा में निवेशकों की पसंद बना हुआ है तथा आज राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि हम प्रदेश को 2027 तक ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि इन संकल्पों के माध्यम से, अगले 5 वर्षों में प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाएगा। विकसित राजस्थान-2047 की संकल्प- सिद्धि में राइजिंग राजस्थान का आयोजन मील का पत्थर साबितदवा होगा। मुख्यमंत्री ने समिट के सफल आयोजन में सभी महत्वपूर्ण वर्गों को भागीदार बनने का आव्हान किया।

## संसद में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के खिलाफ जबरदस्त प्रचार करते रहे हैं तथा कहते रहे हैं कि जब तक परिवारवादी राजनीति का अन्त नहीं होगा, भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो सकता।

लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी पार्टी ने भी परिवारवादी राजनीति को खत्म करने की दिशा में कदम नहीं उठाये हैं।

## नाबालिग का अपहरण...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया गया, लेकिन कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

सुनवाई के दौरान, पीड़िता की ओर से अदालत को बताया गया कि वह विकास से बातचीत करती थी। घटना की 11 अप्रैल की रात वह और गजेन्द्र कार लेकर उसके घर आए और उसे जयपुर लेकर चले गए।

इसके बाद विकास उसे सीकर ले गया, जहां से उसे गुजरात ले गए। गुजरात में विकास और भोमाराम ने उसे शराब पिलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद, वह उसे सिरपुर, किंग गांव और बाद में जयपुर ले आए। इस दौरान, विकास और भोमाराम ने कई बार दुष्कर्म किया। आखिर में उसे यह कहते हुए जयपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया कि वो पन्द्रह दिन बाद आकर उसे ले जाएंगे। रेलवे स्टेशन पर पुलिस और उसके परिजन 31 मई को आकर उसे ले गए।

# सुप्रीम कोर्ट ने सी.बी.आई. की याचिका पर यासीन मलिक से जवाब मांगा

## सी.बी.आई. ने रुबैया सईद अपहरण से जुड़े गवाहों की जिरह तिहाड़ जेल में करने की याचिका लगाई

नई दिल्ली, 28 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण के मामले से जुड़े गवाहों की जिरह के लिए संबंधित मुकदमा जम्मू से दिल्ली की तिहाड़ जेल में स्थानांतरित करने की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) की याचिका पर गुरुवार को आरोपी यासीन मलिक से जबाव तलब किया।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

- **यासीन मलिक आतंकवादी गतिविधियों को आर्थिक सहायता देने के आरोप में तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।**

पीठ ने मामले के आरोपी और तिहाड़ जेल में बंद मलिक को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मलिक आतंकवादी गतिविधियों को आर्थिक सहायता देने के लिए तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में मुकदमा स्थानांतरित करने और सह-आरोपियों को पक्षकार बनाने के लिए आवेदन दायर किए गए हैं। मेहता ने कहा कि तिहाड़ जेल में वर्तमान में अदालत चलाने की सुविधा है। उन्होंने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि आरोपी भी तिहाड़ जेल में ही बंद हैं।

सी.बी.आई. का पक्ष जानने के बाद न्यायालय ने आरोपी से जवाब मांगा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। इससे पहले, 27 नवंबर को शीर्ष अदालत ने सी.बी.आई. से कहा था कि वह मलिक को जम्मू-कश्मीर ले जाने के एजेंसी के विरोध के मद्देनजर आरोपी के खिलाफ गवाहों से जिरह करने के लिए जेल में अदालत स्थापित करने का विकल्प तलाशे। सी.बी.आई. ने जम्मू की एक विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसने मलिक को जिरह के लिए पेश होने का वारंट जारी किया था। विशेष अदालत ने मलिक की शारीरिक उपस्थिति, चार भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या और 1989 में मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े गवाहों से जिरह के लिए निर्देश दिये थे।

# सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को संभल मस्जिद मामले की सुनवाई करेगा

## मुद्दा है, संरक्षित स्मारक की सुरक्षा तथा कोर्ट के सर्वे के आदेश का

संभल, 28 नवंबर। उत्तर प्रदेश के संभल कीशाही जामा मस्जिद का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में निचली अदालत के सर्वे के आदेश को चुनौती दी गई है। याचिका में मांग की गई है कि निचली अदालत के फैसले पर तुंरत रोक लगाई जाए। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की बैंच शुक्रवार को सुनवाई करेगी। मुस्लिम पक्ष ने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से जल्द सुनवाई की मांग की है। कोर्ट में कहा गया है कि ये असाधारण मामला है इसलिए अदालत को असाधारण कदम उठाना चाहिए।

- **एक पक्ष निचली अदालत के सर्वे पर रोक चाहता है, तो दूसरा पक्ष हिन्दू मंदिर को तोड़कर हुए निर्माण को हटा कर मूल मंदिर वापस चाहता है।**

संभल मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि 1526 में मुगल शासक बाबर ने एक हिंदू मंदिर को तोड़कर शाही जामा मस्जिद का निर्माण किया था। यह जगह मूल रूप से हरिहर मंदिर की है। ऐसे में मस्जिद का मालिकाना हक हिंदू पक्ष को मिलना चाहिए।

हिंदू पक्ष की तरफ से वकील हरि शंकर जैन ने याचिका दाखिल की थी, जिसे निचली अदालत ने स्वीकार कर लिया और उसी दिन सर्वे के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता नियुक्ति होने के बाद उसी दिन मस्जिद का सर्वे भी हो गया। अगले दिन भी प्रशासन की टीम सर्वे के लिए पहुंची। इसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए। हिंसा के बाद से संभल का मामला तूल पकड़ चुका है।

मुस्लिम पक्ष का कहना है कि निचली अदालत ने उनका पक्ष सुने बिना ही फैसला सुना दिया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इसके अलावा मुस्लिम पक्ष का कहना है कि जामा मस्जिद संरक्षित स्मारक है, जिसे प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904 के तहत 22 दिसंबर 1920 को अधिसूचित किया गया था। सरकार इसे राष्ट्रीय महत्व का स्मारक भी घोषित कर चुकी है और यह मस्जिद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की केंद्र की ओर से संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल है। मुस्लिम पक्ष यह भी कह रहा है कि प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के तहत 1947 से पहले बने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की जानी चाहिए।

## मोदी को धमकी मामले में महिला गिरफ्तार

मुंबई, 28 नवंबर। मुंबई पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की धमकी देने वाली फर्जी कॉल करने के आरोप में गुरुवार को मुंबई से 34 वर्षीय एक महिला को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष को आज सुबह करीब 09:13 बजे एक महिला का फोन आया, जिसने दावा किया कि मोदी की हत्या की साजिश रची गई है और हत्या के लिए एक हथियार भी तैयार है। जांच के बाद, पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया और उसके बारे में जानकारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, महिला ने 12वीं तक पढ़ाई की है, अविवाहित है और अपनी छोटी बहन के घर के पास एक घर में अकेली रहती है। उन्होंने बताया कि वह छोटी-छोटी समस्याओं के लिए मदद मांगने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करती रहती है।

# भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

## इस मिसाइल की रेंज 3500 किलोमीटर है तथा यह परमाणु पनडुब्बी पर लगेगी

नई दिल्ली, 28 नवंबर। भारतीय नौसेना ने बुधवार (27 नवंबर) को आईएनएस अरिघात से ''के-4 बैलिस्टिक मिसाइल'' का सफल परीक्षण किया है। इस मिसाइल की रेंज 3500 किलोमीटर है। भारतीय नौसेना से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस मिसाइल टेस्ट के नतीजों का विश्लेषण किया जा रहा है।

भारत इससे पहले जमीन से वार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल और लॉन्च सिस्टम का सफल परीक्षण कर चुका है। ऐसे में यह परीक्षण हमले की दूसरी लाइन तैयार करने के लिए अहम है। भारतीय नौसेना ने अगस्त में विशाखापत्तनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर में पनडुब्बी (आई.एन.एस. अरिघात) को अपने बेड़े में शामिल किया था। सूत्रों ने बताया कि मिसाइल की पूरी रेंज का टेस्ट करने से पहले डी.आर.डी.ओ. ने पानी के नीचे स्थित प्लेटफॉर्म से मिसाइल दागने के कई टेस्ट किए थे। भारतीय नौसेना अब मिसाइल प्रणाली के और अधिक टेस्ट करने की योजना बना रही है।

- **यह मिसाइल डा. अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद तथा डी. आर. डी.ओ. की प्रयोगशालाओं तथा उद्योग भागीदारों द्वारा बनाई गई पूर्णतया स्वदेशी मिसाइल है।**

नौसेना के पास बैलिस्टिक मिसाइल दागने की क्षमता वाली दो परमाणु पनडुब्बियां हैं, जिनमें आई.एन.एस. अरिहंत और अरिघात शामिल हैं। तीसरी पनडुब्बी भी लॉन्च हो चुकी है।

# प्रियंका ने लोकसभा की सदस्यता की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसके बाद उन्होंने अपने भाई तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को गले लगाया। शपथ लेने के बाद वे कांग्रेस अध्यक्ष से भी मिली तथा उनका भी आशीर्वाद लिया।

केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र की प्रतिनिधि के रूप में शपथ लेने के बाद, पत्रकारों से बात करते हुये उन्होंने कहा, ''मेरी प्राथमिकता देश से जुड़े मुद्दों को उठाने की रहेगी।''

उन्होंने कहा कि संविधान से ऊपर कुछ नहीं है तथा वे (कांग्रेस) इसके लिये संघर्ष करती रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस यह कहती आ रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार के रहते संविधान खतरे में हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकसभा में उनके प्रवेश से सदन में राहुल और कांग्रेस पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

प्रियंका अभी-अभी सम्पन्न हुये उपचुनाव में, वायनाड से यह लोकसभा सदस्य चुनी गईं हैं। आम चुनाव में उनके भाई राहुल गांधी रायबरेली सीट के साथ ही, वायनाड से भी जीते थे। चुनाव के बाद, उन्होंने रायबरेली सीट अपने पास रखी थी तथा वायनाड सीट खाली कर दी थी। प्रियंका की यह प्रथम चुनावी जीत बहुत चर्चित रही, क्योंकि उन्होंने सी.पी.आई. उम्मीदवार सत्यम मोकरी को 4,10,931 वोटों के बहुत बड़े अन्तर से हराया था। भाजपा की नव्या हरिदास तो बहुत पीछे तथा तीसरे नम्बर पर थीं।

संसद के निम्न सदन (लोकसभा) में प्रियंका के प्रवेश पर उल्लसित सोनिया, जो कांग्रेस पालियामेन्ट्री पार्टी (सी.पी.पी.) की चेयरपर्सन भी हैं, ने कहा, ''हम सबको बहुत प्रसन्नता एवं गर्व है।''

राहुल, जो लोकसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, ने सोशल मीडिया की पोस्ट में लिखा, ''प्रियंका, हमें तुम पर गर्व हैं।''

कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि वे (प्रियंका) संसद में देश की जनता, खासतौर से महिलाओं की सशक्त आवाज बनेंगी।

खड़गे ने कहा कि उनके सक्षम नेतृत्व, संवेदनशीलता, साहस, शालीनता तथा दृढ़ता एवं संविधान के सिद्धान्तों के प्रति दृढ़ निष्ठा से देश की जनता का लाभ होगा।

प्रियका गांधी के शपथ ग्रहण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये, कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा, ''यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब प्रियंका जी संसद में प्रवेश कर रही हैं।..''

कांग्रेस नेता तथा केरल से उनके साथी सांसद शशि थरूर ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये, शपथ-ग्रहण के लिये केरल-निर्मित साड़ी पहनने के लिये उनकी प्रशंसा की। सदन के बाहर, थरूर ने कहा, ''मुझे बड़ी खुशी है कि हमने उनका प्रचार किया था। मुझे बड़ी खुशी है कि वे विजयी हुईं.. और जैसा कि आप देख सकते हैं कि वे बड़े सलीक़े से केरल साड़ी पहने हुये हैं।''

प्रियंका के अलावा, कांग्रेस नेता रवीन्द्र वसंतराव चव्हाण ने भी लोकसभा में सांसद की शपथ ली। चव्हाण नाँदेड़ उपचुनाव में विजयी रहे, जहाँ उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. मारूतराव हमबार्डे को 1,457 वोटों के मामूली अन्तर से हराया था।

ये दोनों उपचुनाव जीत कांग्रेस को लिये मनोबल बढ़ाने वाली जरूर रही, इनके अलावा तो यह चुनावी दौर उसके लिये निराशाजनक ही रहा है क्योंकि महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में तो शानदार अतीत वाली यह पार्टी 16 सीटों पर सिमट गई है।

# बांग्लादेश में वकील की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिन्मय दास ने यूनुस सरकार से कहा है कि वह हिंसा एवं अनिश्चितता से हिन्दू समुदाय की रक्षा करे। लूटपाट करने वाली भीड़ ने बहुत सारे लोगों की हत्या तक कर दी है।

स्थिति इतनी ज्यादा गंभीर हो गई है कि आम लोग भी स्वयं को संकट में महसूस कर रहे हैं तथा समाधानों की तलाश में हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पलायन के बाद, लगातार हिंसा तथा उपद्रव -उत्पात के चलते देश की अर्थव्यवस्ता को जबरदस्त आघात पहुंचा है।

बांग्लादेश, जो रेडीमेड कपड़ों के निर्यात के सहारे जीवित था, अब पश्चिम के निर्यात मार्केट में बुरी तरह नीचे गिर चुका है तथा इसका लाभ अन्य देश, जिनमें वियतनाम सर्वाधिक प्रमुख है, उठा रहे हैं। बांग्लादेश से होने वाला रेडीमेड गारमेन्ट्स का निर्यात बिल्कुल ठप सा हो गया है, जबकि इसी के जरिये यह देश सर्वाधिक विदेशी मुद्रा कमाया करता था। आगामी महीनों में, मुहम्मद यूनुस की सरकार के सामने एक और बड़ी परेशानी एवं बाधा और आने वाली है। यूनुस ने अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प पर उस समय व्यंग्य करते हुये, उनकी जमकर निन्दा की थी, जब वे अमेरिका की सत्ता के आस-पास भी नजर नहीं आ रहे थे। ट्रम्प ने इस बात को सहजता से नहीं लिया है। ऐसी आशंका है कि अपने पद का कार्य-भार संभालने के बाद, ट्रम्प बांग्लादेश को सबक सिखाना जरुर चाहेंगे।

ऐसा माना जा रहा है कि एक बार ट्रम्प अपना पद संभाल लें, उसके बाद, अमेरिका की नई सरकार बांग्लादेश के मामले में कार्यवाही करने का कोई अलग ही रास्ता अपनायेगी। स्थितियाँ ऐसी दिखाई दे रही हैं बांग्लादेश की सत्ता में शीघ्र ही कोई बड़ा परिवर्तन होगा।

**राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय** : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय** : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालयः** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय** : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908